संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

20 फरवरी 2026, शुक्रवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 143

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## भारत दुनिया की बड़ी एआई शक्तियों में से एक बनकर उभरेगा : अंबानी

**नई दिल्ली ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने गुरुवार को इंडिया एआई समिट में कहा कि ये समिट भारत के एआई इतिहास में एक अहम और निर्णायक पल है। उनके मुताबिक, यह समिट देश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नई दिशा और तेज रफ्तार देने वाला है। 21वीं सदी में भारत दुनिया की सबसे बड़ी एआई शक्तियों में से एक बनकर उभरेगा।

# विधानसभा में राष्ट्रगान-राष्ट्रगीत और जी राम जी के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष में नोकझोंक





संवाददाता

**रांची ।** झारखंड विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश करते हुए सत्तापक्ष के विधायक हेमलाल मुर्मू ने राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के प्रोटोकॉल तथा वीबी जी राम जी योजना को लेकर गुरुवार को आपत्ति जताई, जिस पर सदन में तीखी बहस छिड़ गई।

हेमलाल मुर्मू ने कहा कि हाल में राष्ट्रीय गीत (वंदे मातरम) को राष्ट्रीय गान (जन मन) से पहले गाना अनिवार्य किए जाना एक धर्मनिरपेक्ष राज्य में सांप्रदायिकता की झलक मिलती है। उन्होंने वंदेमातरम के कुछ अंशों पर ऐतिहासिक विवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी धर्मों की भावनाओं का सम्मान होना चाहिए। साथ ही उन्होंने मनरेगा के नामकरण, जी राम जी, ओबीसी के आरक्षण सहित अन्य मुद्दों पर केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। उनके वक्तव्य के दौरान भाजपा विधायकों ने कड़ी आपत्ति जताई। विधायक नीरा यादव ने कहा कि राष्ट्रगान या राष्ट्रगीत जिसपर देश को अभिमान है लेकिन पता नहीं क्यों राष्ट्र गीत और राष्ट्र गान, गाने पर आपत्ति होती है। समझ से परे है। और जानबूझकर केंद्र के हर फैसले का विरोध करते हैं जो उचित नहीं है। वहीं सीपी सिंह ने मुर्मू के भाषण पर कटाक्ष किया। विधायक प्रदीप यादव ने अभिभाषण पर विपक्ष की ओर से संशोधन प्रस्ताव नहीं लाए जाने पर सवाल उठाया।

प्रदीप यादव ने कहा कि जिस वंदे मातरम की बात बोल रहे हैं। बंगाल में चुनाव के कारण ऐसी घोषणाएं की जा रही है। भाजपा सदस्य नीरा यादव ने रोक टोक करते हुए कहा कि अब जबकि सदन में राज्यपाल के अभिभाषण में बोलना है तो विषय को छोड़ इधर उधर की भाषण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे सदन में मुद्दे पर ही बात करें। केंद्र सरकार को बेवजह घेरकर क्या होनेवाला है। सदन में इस अभिभाषण पर उमाकांत रजक सहित अन्य सदस्यों ने भी बातें रखी।

## विधानसभा में पुनर्वास, सिंचाई और राशन वितरण पर तीखी बहस





**रांची ।** रांची में चल रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान विधायकों ने जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाए। पुनर्वास, सिंचाई व्यवस्था और राशन वितरण जैसे विषयों पर सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गंभीर और तीखी बहस देखने को मिली।

ईचागढ़ की विधायक सबिता महतो ने चांडिल डैम से प्रभावित विस्थापितों के पुनर्वास का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अब तक सभी प्रभावित परिवारों का समुचित पुनर्वास नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों से इस संबंध में कोई समीक्षा बैठक भी आयोजित नहीं की गई है। इस पर जल संसाधन मंत्री हफीजुल अंसारी ने जवाब देते हुए कहा कि 13 स्थानों पर विस्थापितों को मुआवजा राशि दी जा चुकी है और शेष प्रभावितों को भी नियमानुसार भुगतान की प्रक्रिया जारी है। हालांकि विधायक ने दावा किया कि केवल 116 गांवों के विस्थापितों को ही भुगतान हुआ है, जबकि अन्य अब भी इंतजार कर रहे हैं। मंत्री ने आश्वस्त किया कि सभी पात्र लोगों को नियम के तहत मुआवजा दिया जाएगा।

**वर्ष 2029-30 तक 4 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई का लक्ष्य निर्धारित**

डुमरी विधायक जयराम महतो ने किसानों की सिंचाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पूछा कि यदि डैम सिंचाई के उद्देश्य से बनाए गए हैं तो ऐसे गांवों की सूची सार्वजनिक की जाए, जहां वास्तव में डैम के पानी से खेतों की सिंचाई हो रही है। इस पर मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि वर्तमान में 4 लाख एकड़ से अधिक भूमि की सिंचाई डैम के पानी से की जा रही है। जयराम महतो ने यह भी आरोप लगाया कि डैम निर्माण के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित की जाती है, लेकिन पानी उद्योगों और कंपनियों को अधिक उपलब्ध कराया जाता है। किसानों के पुनर्वास में देरी पर उन्होंने सरकार से जवाब मांगा। मंत्री ने कहा कि सरकार छोटे तालाबों के निर्माण पर भी जोर दे रही है और वर्ष 2029-30 तक 4 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**राशन वितरण में तकनीकी बाधाएं होंगी दूर**

वहीं विधायक हेमलाल मुर्मू ने खाद्य आपूर्ति विभाग से जुड़ा मुद्दा उठाते हुए कहा कि कई प्रखंडों में आपूर्ति पदाधिकारियों की नियुक्ति नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। दूरदराज क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की कमी के कारण बायोमेट्रिक प्रणाली से राशन वितरण प्रभावित हो रहा है।

इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने जवाब दिया कि लाभुकों के सत्यापन की प्रक्रिया जारी है और 2जी के स्थान पर 4जी मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि राशन वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पात्र लाभुकों को समय पर अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

## जेपीएससी सिविल सेवा 2026 में उम्रसीमा पर बवाल, सदन में गूंजा मामला

**रांची ।** झारखंड विधानसभा की कार्यवाही के दौरान झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) सिविल सेवा परीक्षा 2026 में अधिकतम उम्रसीमा की गणना का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। विभिन्न दलों के विधायकों ने कहा कि उम्र निर्धारण की नई तिथि के कारण बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने से



वंचित हो रहे हैं। सदन को अवगत कराया गया कि पिछली सिविल सेवा परीक्षा में अधिकतम उम्रसीमा की गणना एक अगस्त 2017 के आधार पर की गई थी, जबकि वर्तमान विज्ञापन में इसे 1 अगस्त 2026 कर दिया गया है। इस बदलाव के कारण कई ऐसे अभ्यर्थी, जो पहले पात्र थे, अब आयु सीमा पार कर चुके हैं। मामले में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया, जहां से उन्हें राहत देते हुए आवेदन करने की अनुमति दी गई है। इस पर जवाब देते हुए संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि हाल ही में कैबिनेट की बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई है। उन्होंने इसे गंभीर विषय बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी इस मामले को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जो अभ्यर्थी हाईकोर्ट नहीं जा सके हैं, उनके मामले पर भी हाईकोर्ट के आदेश के अनुरूप विचार किया जाएगा, ताकि किसी भी योग्य उम्मीदवार के साथ अन्याय न हो।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची सहित झारखंड के 13 जिलों में 24 को बारिश की संभावना

**रांची ।** राजधानी रांची सहित राज्य के 13 जिलों में 24 फरवरी को हल्की बारिश होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी। विभाग ने राज्य के जिन जिलों बारिश होने का संभावना जताया है, उनमें मध्यवर्त्ती जिले (रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ, लोहरदगा, कोडरमा और धनबाद) के अलावा दक्षिणी जिले (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां) शामिल है। वहीं गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान में एक डिग्री की कमी दर्ज की गई। बुधवार को 30 डिग्री के मुकाबले गुरुवार को एक डिग्री गिरावट के साथ अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### जल्द ही बाजार में मिलेंगे कम सोडियम वाले नमक और प्रोटीन युक्त चावल

**नई दिल्ली ।** वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के तिरुवनंतपुरम स्थित प्रयोगशाला राष्ट्रीय अंतर्विषयी विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईआईएसटी) ने एक ऐसी तकनीक विकसित की है जिससे चावल को उच्च प्रोटीन एवं निम्न ग्लाइसेमिक इंडेक्स युक्त बनाया जा सकता है। इस नई तकनीक से उत्पन्न धान आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी12 से समृद्ध होगा, जिससे एनीमिया और मधुमेह जैसी समस्याओं से निपटने में सहायक होगा। इस तकनीक को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने टाटा कंपनी को हस्तांतरित की है, जो इसे बाजार में जल्दी ही लॉन्च करेंगे। इसके साथ आईसीएमआर ने ऐसी तकनीक विकसित की है जिससे नमक में सोडियम की मात्रा को आधे से भी कम किया जा सकेगा। इससे उच्च रक्तचाप वाले मरीजों को लाभ मिल सकेगा। इसके सीएसआईआर ने कई तकनीक को उद्योग जगत को सौंपा है।

### तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव शुरू

**चतरा ।** मां भद्रकाली मंदिर परिसर में गुरुवार को तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का भव्य आगाज हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर व पीएचडी मंत्री योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करने के साथ आसमान में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की।उदघाटन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जंगल व पहाड़ों से घिरा चतरा एक धार्मिक स्थल के रूप में अपनी अलग पहचान बना रही है। चतरा यह खूबसूरत जगह है। यहां सभी को बसने का मन करता है। उन्होंने कहा कि मां भद्रकाली मंदिर आस्था का केंद्र है।जहां श्रद्धालुओं का अटूट विश्वास है।चतरा से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी बहुत आस्था है। मां भद्रकाली मंदिर धार्मिक स्थल का प्रमुख धरोहर है यहां तीन धर्मों का संगम स्थल हैं।

# मुफ्त की योजनाओं की जगह सरकारें रोजगार के अवसर पैदा करें : सुप्रीम कोर्ट

## कहा-मुफ्त बिजली-पानी देने से काम करने की आदत ही खत्म हो जाएगी



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु बिजली बोर्ड को कड़ी फटकार लगाई है। दरअसल, तमिलनाडु बिजली बोर्ड उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने का वादा कर रहा है। वहीं एक मुकदमे पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी की है। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राज्यों में अपनाई गई मुफ्त सुविधाओं की संस्कृति आर्थिक विकास में बाधा डालती है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत समेत जजों ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा ज्यादातर राज्य पहले से ही घाटे में हैं, फिर भी विकास को छोड़कर मुफ्त सुविधाएं बांट रहे हैं। कोर्ट ने साफ कहा- जो लोग भुगतान नहीं कर सकते, उन्हें सहायता देना समझ में आता है। लेकिन अमीर-गरीब में फर्क किए बिना सबको मुफ्त देना गलत नीति है। इस दौरान कोर्ट ने चेतावनी दी और कहा अगर सुबह से शाम तक मुफ्त खाना, साइकिल और बिजली मिलती रही तो लोगों में काम करने की भावना कम हो जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार लोगों को सुबह से शाम तक फ्री खाना, गैस और बिजली देती रहेगी तो लोग काम क्यों करेंगे। ऐसे तो काम करने की आदत खत्म हो जाएगी। सरकार को रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना फर्क किए सबको मुफ्त सुविधा देना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इसमें कंज्यूमर्स की फाइनेंशियल हालत की परवाह किए बिना सभी को फ्री बिजली देने का प्रस्ताव था। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि देश के ज्यादातर राज्य राजस्व घाटे में हैं और फिर भी वे विकास को नजरअंदाज करते हुए मुफ्त की घोषणाएं कर रहे हैं। वहीं कोर्ट ने राज्यों को सलाह दी कि मुफ्त चीजें बांटने के बजाय, रोजगार के अवसर पैदा करने पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने पूछा, भारत में हम कैसी संस्कृति बना रहे हैं? क्या यह वोट पाने की नीति नहीं बन जाएगी? फिलहाल, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया है। अब अगली सुनवाई में तय होगा कि ऐसे मुफ्त बिजली योजनाओं पर क्या नियम लागू होंगे। यह मामला इसलिए बड़ा है क्योंकि कई राज्यों में चुनाव से पहले मुफ्त योजनाएं घोषित होती हैं और इससे सरकारी खर्च बढ़ता है।

जिससे आर्थिक संतुलन बिगडने का खतरा रहता है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ संदेश दिया है कि गरीबों की मदद जरूरी है, लेकिन बिना सोच-समझ सबको मुफ्त सुविधाएं देना देश के विकास के लिए सही नहीं है।

मुफ्त सुविधा देना क्या तुष्टिकरण की नीति नहीं जस्टिस सूर्यकांत ने पूछा, हम भारत में कैसी संस्कृति विकसित कर रहे हैं? यह समझ में आता है कि कल्याणकारी योजना के तहत आप उन लोगों को राहत दें जो बिजली का बिल नहीं चुका सकते। लेकिन जो लोग भुगतान करने में सक्षम हैं और जो नहीं हैं, उनके बीच कोई फर्क किए बिना मुफ्त सुविधा देना क्या तुष्टिकरण की नीति नहीं है? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

## पटना हाईकोर्ट ने 42 विधायकों को भेजा नोटिस शपथ पत्र में तथ्य छिपाए जाने का आरोप

एजेंसी

**पटना ।** बिहार विधानसभा के 42 विधायकों को पटना हाईकोर्ट ने नोटिस भेजा है। इनमें पक्ष और विपक्ष दोनों के विधायक शामिल हैं। आरोप है कि इन लोगों ने नामांकन के दौरान जो शपथ पत्र भरे थे, उनमें कई तथ्य छिपाए। इतना ही नहीं कुछ विधायकों पर वोटिंग प्रक्रिया में अनियमितता का भी आरोप लगाया गया है। कुछ माह पहले चुनाव हारने वालों प्रत्याशियों ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं, जिनपर कोर्ट ने अलग-अलग सुनवाई करते हुए लिखित जवाब देने को कहा है।

चौंकाने वाली बात यह है कि सूची में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार का भी नाम है। इनके अलावा मंत्री विजेंद्र यादव, पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा, जदयू विधायक चेतन आनंद, राजद विधायक अमरेंद्र प्रसाद समेत 42 विधायक शामिल हैं। कोर्ट की ओर से कहा गया है कि नामांकन के दौरान दाखिल किया गया शपथपत्र लोकतांत्रिक व्यवस्था का अहम हिस्सा है। वोटर्स को प्रत्याशियों की पृष्ठभूमि, संपत्ति और अन्य विवरणों की सही जानकारी मिलनी चाहिए। अगर यह जानकारी गलत दी गई तो यह गंभीर बात है। सभी विधायक तय समय के अंदर अपना जवाब दें।

हाईकोर्ट में यह एकमुश्त किसी मामले की सुनवाई के दौरान फैसला नहीं आया है या नोटिस जारी नहीं किया गया है। अलग-अलग मामले हैं और रोचक यह भी है कि कई मामलों में विधानसभा चुनाव जीतने वालों के साथ-साथ हारे प्रत्याशियों को भी कठघरे में रखा गया है। जैसे एक केस में- औराई विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुनी गईं रमा निषाद के खिलाफ जो मामला दर्ज हुआ था, उसमें छठे नंबर पर रहे अखिलेश कुमार ने ऊपर से पांच स्थान पाने वाले प्रत्याशियों के खिलाफ लड़ाई शुरू की है। उनकी याचिका में रमा निषाद के अलावा प्रत्याशियों- शिव शंकर गुप्ता, मो. आफताब आलम, भोगेंद्र सहनी और राधा रमण को भी आरोपी बनाया गया है। इसी तरह, दूसरे केस में- झंझारपुर विधानसभा सीट से जीतने वाले नीतीश मिश्रा के साथ हारने वाले प्रत्याशियों- कृष्ण कुमार साहू, अब्दुल इरफान, ओम प्रकाश पोद्दार, उमर आफताब अफसर, कृष्ण कुमार झा को भी इस चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे प्रत्याशी राम नारायण यादव ने आरोपी बनाया है।

## देवघर : 30 से 40 लाख की ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। नशे के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए देवघर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने ब्राउन शुगर की बड़ी खेप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। बरामद 317 पुड़िया ब्राउन शुगर की कुल मात्रा करीब 130 ग्राम बताई गई है, जिसकी बाजार कीमत 30 से 40 लाख रुपये के बीच आंकी जा रही है। उक्त जानकारी एसपी सौरभ ने प्रेस कांफ्रेंस में दी, उन्होंने बताया कि 19 फरवरी को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था। कार्रवाई के दौरान नशीले पदार्थ की तस्करी में संलिप्त एक युवक को मौके से पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अजय मार्डी, उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी पलटन धौड़ा, थाना साउथ आसनसोल, जिला वर्द्धमान, पश्चिम बंगाल बताया। मामले को लेकर जसीडीह थाना में कांड संख्या 58/26 दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के साथ-



साथ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी से जुड़े नशे के पूरे सप्लाई चेन की कड़ियां खंगालने में जुटी हुई है।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने ब्राउन शुगर के अलावा एक ओप्पो रेनो मोबाइल फोन, काली पहाड़ी से जसीडीह का रेलवे टिकट, नकद 1190 रुपये, दो बीड़ी, दो चाबी, एक नीले रंग का बैग, एक काला कपड़ा, एक लाल रंग की गंजी, एक गुलाबी कैरी बैग और एक नीले रंग की जींस पैंट भी जब्त की है।

## मुख्यमंत्री ने डॉ बुद्धदेव महतो को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**धनबाद ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन गुरुवार को पूर्व विधायक आनंद महतो के बलियापुर (बड़ादाहा) धनबाद स्थित आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां पूर्व विधायक आनंद महतो के दिवंगत सुपुत्र डॉ0 बुद्धदेव महतो के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने दिवंगत डॉ0 बुद्धदेव महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। विधायक कल्पना सोरेन ने भी दिवंगत डॉ0 बुद्धदेव महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने पूर्व विधायक आनंद महतो एवं उनके परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की तथा उनका ढांढ़स बंधाया।

## एआई में पादर्शिता जरूरी, बने सबके हित और सबके सुख का साधन : मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को एआई शिखर सम्मेलन में विश्व के समक्ष भारत का सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय का बेंचमार्क प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि एआई को कुछ देश और कंपनियां रणनीति के तौर पर इस्तेमाल करने की सोच रही हैं। भारत का मानना है कि एआई के लिए पारदर्शिता सबसे महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे विश्व का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक एआई इम्पैक्ट समिट बताया और कहा कि हमें आज यह संकल्प करना चाहिए कि एआई को वैश्विक भलाई ( ग्लोबल कॉम गुड) के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने एआई से जुड़ा 'मानव' विजन प्रस्तुत किया। मानव विजन का अर्थ है एम (मोरल एंड एथिकल सिस्टम), ए (अकाउंटेबल गवर्नेंस) एन (नेशनल सॉवरेन्टी) ए (एक्सेसिबल एंड इंक्लूसिव) वी (वैलिड एंड लेजिटीमेट)।

## योगेंद्र साव और निर्मला देवी गिरफ्तार

संवाददाता

**हजारीबाग ।** पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव और पूर्व विधायक निर्मला देवी की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। दोनों की गिरफ्तारी गुरुवार के दोपहर लगभग तीन बजे हुई। मिली जानकारी के अनुसार, पूर्व मंत्री पर बड़कागांव, केरेडारी,



पगार ओपी समेत कई थानों में मामले दर्ज थे। पूर्व मंत्री 31 दिसंबर 2025 से एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे। पुलिस ने धरना स्थल से ही उन्हें गिरफ्तार किया।गिरफ्तारी से पहले, पूर्व मंत्री अपनी बेटी और पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के साथ दिल्ली गए थे, जहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से मुलाकात की थी। दिल्ली से लौटकर वे चट्टी बरियातू स्थित धरना स्थल पर पहुंचे थे, जहां पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया।

## देश के बाकी राज्यों में भी एसआईआर की तैयारी शुरू करें : चुनाव आयोग

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** चुनाव आयोग ने देश के बाकी बचे राज्यों में भी मतदाता सूची को अपडेट करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया की तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया है। संभावना है कि बाकी बचे राज्यों में अप्रैल से यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। चुनाव आयोग ने इस संबंध में संबंधित राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को पत्र लिखा है। इन राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, लद्दाख, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, तेलंगाना और उत्तराखंड शामिल हैं।

आयोग ने कहा है कि पिछले साल जुलाई में बिहार को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को एसआईआर प्रक्रिया के लिए रिवीजन प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा गया था। इसके बाद 27 अक्टूबर को चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एआईआर की प्रक्रिया शुरू कर दी थी और यह अब भी अभी जारी है। आयोग ने कहा है कि बाकी राज्यों में अप्रैल से एसआईआर की प्रक्रिया प्रारंभ होने की संभावना है इसलिए इससे जुड़ी तैयारी को जल्द से जल्द पूरा करें।

# एसीबी ने रिश्वत लेते अमीन को किया गिरफ्तार

**संताल एक्सप्रेस**

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने रांची के सिल्ली अंचल कार्यालय में कार्यरत अमीन को आठ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अमीन गणेश महतो एक व्यक्ति से जमीन मापी के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था। जिसकी लिखित शिकायत एसीबी में की गई थी।एसीबी मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित रांची के सिल्ली निवासी वासुदेव महतो ने एसीबी में लिखित शिकायत दी थी कि अमीन गणेश महतो के जरिये उनकी जमीन की नापी, रिपोर्ट और नक्शा के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा है। वासुदेव महतो किसी भी हाल में रिश्वत देकर काम करवाना नहीं चाहता था। इसके बाद उन्होंने मामले की लिखित शिकायत एसीबी में की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी के पदाधिकारियों ने मामले की जांच की तो शिकायत सत्य पाई गई। अमीन ने वासुदेव महतो से जमीन की मापी और नशे को लेकर बड़ी रकम की मांग की थी, लेकिन वासुदेव महतो ने जब कहा कि उसके पास पैसे नहीं है तब 8000 में बात बनी। पैसे देने की बात वासुदेव महतो के जरिये एसीबी को बताई गई। इसके बाद अमीन को पकड़ने के लिए एसीबी की टीम ने जाल बिछाया और गुरुवार को रिश्वत लेते उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

# झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी नियुक्ति पर उठाए सवाल

## सीएम बोले : मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन





**संताल एक्सप्रेस**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन दूसरी पाली में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी नियुक्ति को लेकर सरकार पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति नियमों के विरुद्ध हुई थी। वर्ष 2025 में उनसे इस्तीफा लिया गया, इसके बाद तदाशा मिश्रा को प्रभारी डीजीपी बनाया गया और बाद में उन्हें प्रोन्नति दे दी गई। मरांडी ने आरोप लगाया कि जब उनकी सेवा के मात्र दो महीने शेष थे, तब उन्हें दिसंबर 2027 तक के लिए डीजीपी नियुक्त कर दिया गया, जो सर्विस रूल के विपरीत है।इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जवाब देते हुए कहा कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन (सबज्यूडिस) है, इसलिए इस पर सदन में चर्चा उचित नहीं है। मरांडी ने पलटवार करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार राज्य को एक पैनल यूपीएससी को भेजना होता है, लेकिन केंद्र में डीजी रैंक के अधिकारी पदस्थापित नहीं हैं और नियमों को दरकिनार कर नियुक्ति की गई है।शराब घोटाले पर भी सरकार को घेरा नेता प्रतिपक्ष ने शराब घोटाले का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 2022 में ही उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। हाल में उनके एक करीबी की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए मरांडी ने कहा कि करीब 28 लोगों के नाम इस मामले में सामने आए हैं। कई गिरफ्तारियां हुईं और जमानत भी मिली, लेकिन 90 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की गई।उन्होंने सूचना आयुक्त और लोकायुक्त के पद लंबे समय से खाली रहने, 18 खनिज खदानों की नीलामी नहीं होने और खनिज ढुलाई में व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम लागू नहीं होने पर भी सवाल उठाए। धान खरीद पर उन्होंने कहा कि अब तक 40 फीसदी भी खरीद नहीं हुई है और बिचौलियों को बढ़ावा मिल रहा है। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने जवाब दिया कि मार्च तक लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा और पिछले वर्षों में सुखाड़ की स्थिति रही थी।वंदे मातरम और राज्यपाल अभिभाषण पर टिप्पणीराज्यपाल के अभिभाषण पर टिप्पणी करते हुए मरांडी ने कहा कि यह सरकार का दस्तावेज होता है और यदि सरकार खुद को लाचार बता रही है तो संशोधन का क्या अर्थ रह जाता है। उन्होंने वंदे मातरम गीत पर चर्चा की भी मांग की।मरांडी ने 26 जनवरी के अवसर पर मुख्यमंत्री के राज्य में मौजूद नहीं रहने पर भी सवाल उठाया। संताल परगना के जसीडीह में उद्योग के नाम पर जमीन अधिग्रहण का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि 1974 में अधिग्रहित जमीन पर किसानों को उजाड़ा जा रहा है।

# संजय सेठ ने पिस्का स्टेशन का किया निरीक्षण



**संताल एक्सप्रेस**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने आज पिस्का रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत यहां हुए कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री करुणा निधि सिंह ने उन्हें स्टेशन के विकास को लेकर हुए कार्यों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। 22 रुपये करोड़ की लागत से इस स्टेशन का पुनर्विकास हुआ है। इसके तहत नया भवन, विस्तृत खुला स्थान, फुट ओवर ब्रिज, 2 लिफ्ट, 3 प्लेटफार्म, पार्किंग, प्रतीक्षालय, कार्यालय का निर्माण किया गया है।इस स्टेशन का विकास भविष्य को देखते हुए मैने कई प्रस्ताव रेल मंत्री को दिया है । वर्तमान समय में यहां लोहरदगा पैसेंजर, सासाराम इंटरसिटी और चोपन पैसेंजर का ठहराव है। भविष्य में इस रूट से गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों के ठहराव का प्रस्ताव भेजने का निर्देश रक्षा राज्य मंत्री ने डीआरएम को दिया। पुरुलिया आनंद विहार ट्रेन का परिचालन शुरू होना है, इसका ठहराव पिस्का स्टेशन पर करवाने के लिए रक्षा राज्य मंत्री ने अपनी तरफ से पहल करने की बात कही। लोहरदगा डाल्टनगंज होते हुए नई दिल्ली को जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव भी एक मिनट के लिए स्टेशन पर देने के लिए भी रेलवे को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने अपने स्तर से भी प्रयास करने की बात कही है।रांची और पिस्का रेलवे स्टेशन के बीच के क्षेत्र का समुचित विकास हो और फिर पिस्का स्टेशन उसका आधार बने, इस दिशा में भी रेलवे ने कदम बढ़ाया है।यहां ट्रेनों की पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था हो सके, इसके लिए पांच रेलवे लाइन बनाने की आवश्यकता है। इसे लेकर रेलवे ने तैयारी कर ली है और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चालू हो गई है। इसके विकास के साथ यहां पार्किंग, नया भवन और अन्य कई योजनाओं पर काम होगा। संजय सेठ ने बताया कि 2019 में जब वह चुनाव लड़ रहे थे, उस समय यहां सिर्फ धूल और गर्दा हुआ करता था।

# विकसित झारखंड से ही बनेगा विकसित भारत : डॉ. गौरव वल्लभ




**संताल एक्सप्रेस**

**रांची।** प्रधानमंत्री इकोनॉमिक एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य एवं देश के प्रख्यात आर्थिक चिंतक प्रो. डॉ. गौरव वल्लभ ने अपने रांची प्रवास के दौरान चैंबर भवन में आयोजित 'विकसित भारत बजट' विषयक परिचर्चा में कहा कि 2047 तक विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब सभी राज्य विकसित होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकसित झारखण्ड से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एक समय झारखंड के प्रमुख शहर एमएसएमई गतिविधियों के इंजन हुआ करते थे, लेकिन वर्तमान में उनकी स्थिति चिंताजनक है। विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं, बल्कि बेहतर जीवन गुणवत्ता, स्वास्थ्य, शिक्षा और सकारात्मक सोच से है।एमएसएमई क्षेत्र पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि डी-रेगुलेशन की दिशा में ठोस कदम जरूरी हैं, ताकि उद्योग केवल सूचना देकर कार्य प्रारंभ कर सकें और विभागीय प्रक्रियाओं में उलझें नहीं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने बजट में एमएसएमई के लिए 12,000 करोड़ रुपये के इक्विटी सपोर्ट की घोषणा की है। साथ ही लिक्विडिटी सपोर्ट, मार्केटिंग सपोर्ट और माइक्रो इकाइयों के लिए कॉर्पोरेट मित्र जैसी व्यवस्थाएं भी की गई हैं।उन्होंने कहा कि देश में लगभग 12 करोड़ लोगों को एमएसएमई क्षेत्र रोजगार दे रहा है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। जनधन खातों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को मजबूती मिली है।

# बासुकीनाथ नपं क्षेत्र का मास्टर प्लान विकास राज्य सरकार का मसला है : डॉ निशिकांत दूबे



**संताल एक्सप्रेस**

**जरमुंडी ।** बासुकीनाथ में आधारभूत संरचनाओं का निर्माण एक बड़ी जरूरत है। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास तभी होगा जब 16 वें वित्त आयोग का (पैसा) फंड आएगा और 16 वित्त आयोग की राशि तब आएगी जब भारतीय जनता पार्टी का मेयर और अध्यक्ष होगा बनेगा। उन्होंने कहा कि विकास को लेकर झारखंड सरकार के पास कोई विजन ही नहीं है और ना ही विकास के लिए माद्दा ही है। राज्य सरकार के पास विकास का विजन क्लियर नहीं होने से 15 वें वित्त आयोग की राशि बिना खर्च किए लौट गई। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे जरमुंडी में नपं बासुकीनाथ के भाजपा समर्थित प्रत्याशी पूनम दुबे के पक्ष में चुनाव कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा केन्द्र सरकार द्वारा प्रदत 15वीं वित्त आयोग के बाद अब 16वीं वित्त आयोग का पैसा आयेगा। गोड्डा सांसद ने कहा कि राज्य में झामुमो व कांग्रेस की जो सरकार बनी है वह केवल मिट्टी चोरी, बालू चोरी, ट्रांसफर पोस्टिंग, भ्रष्टाचार, बलात्कार,आदिवासियों का शोषण, अनुसूचित जाति के शोषण कर रही है। उन्होंने बताया कि जरमुंडी का पूरा इलाका साइबर क्राइम का बड़ा सेक्टर बन गया है। कहा कि सरकार के खिलाफ जो माहौल है इसकी अभिव्यक्ति तब होगी जब पार्टीगत आधार पर चुनाव होता, इसके लिए आंदोलन भी किया गया। झारखंड और कांग्रेस को पता है कि एक साल की जो उसकी कर गुजरी है यदि यह चुनाव पार्टी के सिंबल पर हो गया होता तो 48 में 48 नगर निकाय का चुनाव नहीं जीत सकते। तभी निकाय चुनाव को नॉन पार्टी से जोड़ा गया।उन्होंने कहा कि पार्टी ने तय किया की जहां-जहां हमारे मजबूत उम्मीदवार बनकर कार्यकर्ता चुनाव लड़ रहे हैं वहां समर्थन कर,जीताने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही भारतीय जनता पार्टी की जमा पूंजी है। कार्यकर्ताओं ने मिलकर पिछले बार पूनम देवी को अध्यक्ष बनाया था, इस बार फिर भाजपा समर्थित प्रत्याशी पूनम देवी को अध्यक्ष बनाना है। नगर पंचायत अध्यक्ष रहने के दौरान फोरलेन में एक मकान को तोड़ने नहीं दिया, पूनम देवी के आग्रह पर ही ऐसा संभव हुआ। बासुकीनाथ नपं, जनसंख्या की दृष्टि से छोटा है, लेकिन यह महत्वपूर्ण है। यहां कुल 14250 वोटर हैं और वोटरों से ज्यादा तो यहां श्रद्धालु रोजाना पूजा करने आते है। कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर ही भाजपा का सांसद बना हूं। गोड्डा के लोगों के कारण संसद में आवाज गुंजती है, उन्होंने अपील करते हुए कहा, जैसे मोदी को वोट देते हैं इसी तरह पूनम देवी को भी वोट दीजिए और इन्हें अध्यक्ष बनाइये। नगर पंचायत अध्यक्ष मास्टर प्लान के तहत बासुकीनाथ का विकास करे यह संभव नहीं है।

# रांची नगर निगम के घर-घर को रौशन करेगी रोशनी खलखो : आदित्य साहू




**संताल एक्सप्रेस**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद आदित्य साहू ने गुरुवार को रांची के हरमू स्थित गंगा नगर में भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी रोशनी खलखो के समर्थन में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित किया।कार्यक्रम में साहू ने कहा कि रोशनी खलखो एक जुझारू, संघर्षशील प्रत्याशी हैं जो महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित हैं। पिछले चुनाव में वे निर्विरोध पार्षद बनने वाली लोकप्रिय नेता रही हैं। रोशनी खलखो के दिल में रांची नगर निगम के घर घर को रोशन करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज राज्य की राजधानी रांची पूरी तरह असुरक्षित हो गई है। राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में बहन बेटियों के साथ दुष्कर्म, लूट, छिनतई की घटनाएं आम हो गईं हैं। महिलाएं घर से देर शाम निकलने में डरती हैं।साहू ने कहा कि अब तो महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी असुरक्षित हैं। कब कौन बच्चा गायब हो जाएगा, उसकी कब चोरी हो जाएगी ये किसी को पता नहीं। राजधानी में बच्चा चोर गिरोह घूमते रहते हैं और पुलिस वसूली में लगी रहती है। उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों में राज्य से हजारों बच्चे गायब हुए हैं। सभी गरीब के बच्चे हैं लेकिन जब भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य के पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी, आंदोलन किए, रांची बंद की घोषणा की तो अंश, अंशिका, कन्हैया जैसे 60 बच्चे बरामद हुए।लेकिन अभी भी सैकड़ों बच्चे लापता हैं।उन्होंने कहा कि राज्य में गांव और नगर सभी जगह विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। व्यावसायियों को धमकियां मिल रही हैं।

# झारखंड को रेबीज मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू

**संताल एक्सप्रेस**

**रांची ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड ने राज्य को रेबीज मुक्त बनाने के उद्देश्य से व्यापक अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत रेबीज उन्मूलन और डॉग-बाइट के प्रभावी प्रबंधन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने राज्य के सभी सिविल सर्जनों को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि जिला से लेकर पंचायत स्तर तक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि रेबीज एक 100 प्रतिशत घातक बीमारी है, लेकिन समय पर और पूर्ण टीकाकरण से इससे पूरी तरह बचाव संभव है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 17 हजार लोगों की मौत रेबीज के कारण होती है।अभियान के तहत ÷शिक्षित करें, टीका लगवायें और रेबीज से बचें संदेश को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। शहरों के प्रमुख चौराहों, नगर निगम क्षेत्रों, हाट-बाजारों और सरकारी कार्यालय परिसरों में होर्डिंग-बैनर लगाए जाएंगे, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों और स्कूलों में दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा।अभियान निदेशक ने सभी जिला अस्पतालों, अनुमंडल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी-रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए हैं। 'डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स एनवेलप 2025-26' के तहत इसके लिए बजट का प्रावधान किया गया है। यदि किसी केंद्र पर वैक्सीन की कमी होती है तो वैकल्पिक मद से तत्काल खरीद कर उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है, ताकि कोई भी मरीज इलाज से वंचित न रहे।स्वास्थ्य विभाग इस अभियान को पशुपालन विभाग, शहरी निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के सहयोग से संचालित करेगा।

# धनबाद-बोकारो में निकाय चुनाव की गहमागहमी कांग्रेस और भाजपा ने जारी किया घोषणा पत्र



**संताल एक्सप्रेस**

**बोकारो/धनबाद।** नगर निकाय चुनाव को लेकर धनबाद और बोकारो में सियासी हलचल तेज हो गई है। दोनों जिलों में भारतीय जनता पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का जमावड़ा लगा, जहां समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार के साथ-साथ घोषणा पत्र भी जारी किए गए। धनबाद में भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी संजीव कुमार के समर्थन में पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह पहुंचे। उन्होंने न केवल प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा, बल्कि राज्य सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर तीखा हमला भी बोला।इस दौरान संजीव कुमार ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी करते हुए शहर के विकास, स्वच्छता, सड़क और बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देने का वादा किया।अरुण सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि झारखंड में अपराध की घटनाएं बढ़ी हैं और आम लोग खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। उन्होंने राजधानी रांची में कलेक्ट्रेट के बाहर हुई गोलीबारी का जिक्र करते हुए कहा कि यह राज्य की बिगड़ती कानून-व्यवस्था का उदाहरण है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासित राज्यों में विकास की गति तेज है, जबकि झारखंड विकास के मामले में पीछे है और भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव में जनता बदलाव चाहती है और भाजपा विकास एवं सुशासन के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही है।बोकारो में भाजपा-कांग्रेस आमने-सामनेबोकारो के चास नगर निगम चुनाव में भी भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण प्रसाद सिंह पार्टी समर्थित मेयर प्रत्याशी अविनाश कुमार के समर्थन में चास पहुंचे। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कानून-व्यवस्था और चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रशासनिक दबाव बनाकर चुनाव परिणाम को प्रभावित करने की कोशिश कर सकती है।वहीं कांग्रेस की ओर से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पार्टी समर्थित प्रत्याशी जमील अख्तर के समर्थन में मैदान में उतरे। उन्होंने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि नगर निगम जैसे स्थानीय चुनाव में भी भाजपा को राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को उतारना पड़ रहा है, जो उनकी बेचैनी को दर्शाता है।

# झारखंड विक्टिम कम्पनशेसन स्कीम के तहत 3.34 करोड़ रुपये आवंटित

**संताल एक्सप्रेस**

**रांची।** झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों में अपराध से प्रभावित पीड़ितों और उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए बड़ा निर्णय लिया है। झारखंड विक्टिम कम्पनशेसन स्कीम-2012 के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 3.34 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।इस संबंध में निदेशक (अभियोजन) राज कुमार सिंह ने राज्य के 23 जिलों के उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए पात्र लाभुकों को शीघ्र सहायता राशि उपलब्ध कराने को कहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि राशि वितरण में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। सरकार का कहना है कि इस योजना का उद्देश्य अपराध पीड़ितों को न्यायिक प्रक्रिया के दौरान आर्थिक सहारा देना और उनके पुनर्वास में मदद करना है। विभाग ने सभी जिलों को निर्देश दिया है कि पात्रता के आधार पर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए।जिलावार आवंटित राशि में सरायकेला को 10 लाख, पाकुड़ को 15 लाख, गोड्डा को 20 लाख, पलामू को 15 लाख, हजारीबाग को 20 लाख, चतरा को 20 लाख, गुमला को 20 लाख, रांची को 20 लाख, बोकारो को 20 लाख, खूंटी को 10 लाख, कोडरमा को 10 लाख, जमशेदपुर को 15 लाख, गढ़वा को 20 लाख, लातेहार को 10 लाख, साहेबगंज को 10 लाख, धनबाद को 20 लाख, सिमडेगा को 12.50 लाख, गिरिडीह को 10 लाख, दुमका को 10 लाख,देवघर को 2 लाख, चाईबासा को 20 लाख, जामताड़ा को 15 लाख और लोहरदगा को 10 लाख दिए गए है।

# भारत निर्वाचन आयोग का निर्देशः अप्रैल से झारखंड में शुरू होगा मतदाता सूची का पुनरीक्षण

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने अप्रैल 2026 से देश के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की घोषणा की है। इस प्रक्रिया के तहत झारखंड में भी व्यापक स्तर पर मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। आयोग ने अपनी सूची में कुल 22 क्षेत्रों को शामिल किया है, जिनमें प्रमुख रूप से दिल्ली हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, झारखंड, ओडिशा, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, चंडीगढ़, दादरा व नगर हवेली और दमन व दीव शामिल है।आयोग ने झारखंड के मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र जारी कर सभी प्रारंभिक तैयारियां शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया है। पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य राज्य की मतदाता सूची को त्रुटिहीन, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मतदान अधिकार से वंचित न रहे।क्या होगा झारखंड में बूथ स्तर पर घर-घर सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। नए पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ा जाएगा।मृत, स्थानांतरित या दोहराव वाले नामों को हटाने की प्रक्रिया तेज होगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से दावे-आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। युवाओं और शहरी क्षेत्रों पर विशेष फोकस होगा झारखंड में तेजी से बढ़ते शहरीकरण और पलायन को देखते हुए आयोग विशेष रूप से रांची, जमशेदपुर, धनबाद और बोकारो जैसे शहरों में मतदाता सूची के अद्यतन पर जोर देगा।

# सोन पापड़ी बनाने वाली फैक्ट्री ने आग लगने से 25 लाख की सम्पत्ति जली

**पुटकी ।** पुराना केंदुआडीह थाना के निकट चॉकलेट कैंडी व सोनपापड़ी बनानेवाली नेप्च्यून फूड प्रोडक्ट की फैक्ट्री में आग लग गई। घटना में करीब 25 लाख की मशीन व रॉ मैटेरियल जल गई।रात में ही अग्निशमन दल की टीम ने आग पर काबू पाया।तबतक मशीन व निर्माण सामग्री जल चुकी थी।केंदुआ- झरिया सड़क के किनारे संचालित फैक्ट्री में रात करीब दो बजे आग लग गयी। आग के तेजी से भड़कने से फैक्ट्री के छत की एस्बेस्टस शीट भी उड़ गए। फैक्ट्री में नेप्च्यून फूड प्रोडक्ट के मालिक प्रेम कुमार पांडे वहीं उनके भाई अर्जुन कुमार पांडे स्वस्तिक सोनपापड़ी के मालिक है।फैक्ट्री में पेड़ा, लड्डू बनाया जाता है।अर्जुन पांडे ने बताया कि रात में पुलिस गश्ती दल व पड़ोसी से सूचना मिली तो बाहर निकला।फैक्ट्री में आग लगी हुई थी।

# एआई के लोकतंत्रीकरण पर श्री श्री विश्वविद्यालय का जोर




**रांची।** ओड़िशा के कटकस्थित श्री श्री विश्वविद्यालय ने 16 से 20 फरवरी 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रभाव शिखर सम्मेलन भारत 2026 में सक्रिय सहभागिता की। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ फिक्की द्वारा किया गया। श्री श्री विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए माननीय कुलाध्यक्षा प्रो. रजिता कुलकर्णी ने भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लोकतंत्रीकरण तथा समावेशी समाधान निर्माण की दिशा में विश्वविद्यालय की दृष्टि प्रस्तुत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी प्रगति का साधन न होकर सामाजिक रूपांतरण का माध्यम बने, इसके लिए इसे सुलभ, नैतिक और जनोन्मुख बनाना आवश्यक है।प्रो. कुलकर्णी ने उभरती प्रौद्योगिकियों में समग्र शैक्षणिक कार्यक्रमों, विभिन्न संकायों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बहुविषयक समावेशन तथा अग्रणी औद्योगिक एवं शैक्षणिक संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारियों का उल्लेख किया। 25 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों तथा 100 से अधिक देशों के 35,000 से अधिक प्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ यह सम्मेलन कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में विश्व के प्रमुख आयोजनों में सम्मिलित रहा। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर द्वारा परिकल्पित 'परम बुद्धिमत्ता संस्थान' से प्रेरणा ग्रहण करते हुए श्री श्री विश्वविद्यालय ने पुनः यह स्पष्ट किया कि वह तकनीकी नवाचार को मानवीय मूल्यों और मानव-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्रेक्षक ने निकाय चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा

**दुमका।** नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 के सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को नगर परिषद दुमका क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का गहन जायजा लिया।प्रेक्षक ने पेयजल, शौचालय, बिजली, रैम्प, छाया और बैठने की व्यवस्था समेत अन्य जरूरी सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया। साथ ही मतदान कर्मियों के लिए की गई तैयारियों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप व्यवस्थाएं शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाएं।

# धनबाद जंक्शन से दो किशोर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार

**धनबाद।** धनबाद स्टेशन के प्लेटफार्म पर गश्ती के दौरान आरपीएफ ने बिहार के दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। टास्क टीम और अधिकारी बुधवार की देर रात स्टेशन के प्लेटफॉर्म 02/03 पर गश्ती कर रहे थे। इस क्रम में रात करीब 11 बजे के आसपास हावड़ा छोर पर 2 किशोरों को पिट्ठू बैग में वजनी सामान को ले जाते हुए देखा गया। गश्ती दल ने उन दोनों किशोर के पास पहुंचकर पूछताछ की। उन लोगों ने अपना नाम व पता सांतनु कुमार (उम्र-15 वर्ष, पिता- वीरेश प्रसाद) और विकास कुमार (उम्र-16 वर्ष, पिता-सुनील प्रसाद),पता ग्राम-राणा बिगहा, थाना-दीप नगर, जिला-नालन्दा (बिहार) बताया। पिट्ठू बैग में 14 बोतल अंग्रेजी शराब की कुल मात्रा 10500 एमएल और मूल्य 11480 रुपये पाया गया। प्रत्येक बोतल के ऊपर फॉर सेल इन झारखंड लिखा हुआ मिला। शराब को जब?त किया गया।जब्त शराब एवं दोनों किशोर को पोस्ट पर लाया गया। पूछताछ में दोनों किशोर ने स्वीकार किया कि अधिक पैसा कमाने के लालच में झारखंड से शराब खरीद कर बिहार ले जाकर ऊंची कीमत पर बेच देते हैं। उन?हें अग्रिम कारवाई के लिए उत्पाद विभाग को सुपुर्द किया गया।

# अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर डीडीयू-पाटलिपुत्र-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर -समस्तीपुर-खगड़िया-मानसी-कटिहार के रास्ते पनवेल और अलीपुरद्वार के मध्य अत्याधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है । यह गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन है जिममें मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, आरामदायक सफर के लिये एयर स्प्रिंग बॉडी, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप्स, स्वच्छ दिव्यांगजन-अनुकूल प्रसाधन, सेफ्टी के लिये फायर डिटेक्शन, टॉक-बैक यूनिट, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था सहित कई उन्नत यात्री सुविधायें उपलब्ध हैं ।गाडी सं. 11031/11032 पनवेल-अलीपुरद्वार-पनवेल अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन पनवेल से 23.02.2026 से तथा अलीपुरद्वार से 26.02.2026 से प्रारंभ किया जा रहा है । यह ट्रेन पनवेल से प्रत्येक सोमवार को तथा अलीपुरद्वार से प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी गाड़ी सं.

पूर्व रेलवे

ई-ठिका खोबोर

**सं. सी5/एएसएन/कैश पिकअप/25** **माहितः 18.02.2026** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल पिन-713301 होतेते बार बोछोर सोमोय लागित् पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड पोनोत रे पासानवाकान पूर्व रेलवे रेयाक् आसनसोल मंडल रेयाक् 53 (तिरपन) स्टेशनको/जायगाको खोन स्टेशन नकदी आर इंस्ट्रूमेंट इदिय आर एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता रेयाक् खाता रे जामाय बाखरा बैंक रे जामाय लागित् आईआरईपीएस पोर्टल दाराय ते वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** दाराय ते खुला ई-ठिका नेवतायेत् काना। जोतो बोलीदाताको ठेन नेहोर मेनाक्आ जे पुराउ बानाडाय आर एम आकात् अनुसूची लेका रे नोआ ई-नीलामी रे सेलेदोक् लागित् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** जेलपे।

**ASN-361/2025-26**

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## प्रत्याशियों से बातचीत



महगामा नगर पंचायत चुनाव
उम्मीदवार का नाम - विक्रमादित्य कुमार
क्षेत्र - वार्ड संख्या 4,
सीट - अनारक्षित, अन्य

**सवाल 1** – वार्ड की मुख्य समस्या और 100 दिनों का प्लान?

**जवाब** – हमारे वार्ड की सबसे बड़ी समस्या साफ-सफाई, नाली-जलनिकासी, पेयजल और सड़क की है। कई जगहों पर कूड़े का अंबार लगा रहता है और बारिश में जलजमाव हो जाता है।
मेरे पहले 100 दिनों का प्लान स्पष्ट है - पूरे वार्ड का सर्वे कर प्राथमिक समस्याओं की सूची तैयार की जाएगी। नाली और सड़क मरम्मत कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी। नियमित कचरा उठाव के लिए मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया जाएगा। पेयजल की समस्या वाले क्षेत्रों में पाइपलाइन या टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।100 दिनों में जनता को बदलाव दिखे, यही मेरा संकल्प है।

**सवाल 2** – भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी पर कैसे लगाम लगाएंगे?

**जवाब** – भ्रष्टाचार पर रोक के लिए पारदर्शिता सबसे जरूरी है। हर योजना की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।कार्यों का विवरण और खर्च सोशल मीडिया और नोटिस बोर्ड पर डाला जाएगा। जनता की निगरानी समिति बनाई जाएगी। किसी भी तरह की शिकायत के लिए हेल्पलाइन और सीधा संपर्क नंबर जारी रहेगा।मैं साफ नीति और ईमानदारी से काम करूंगा – ÷न कमीशन, न समझौता।

**सवाल 3** – जनता आपको वोट क्यों दे?

**जवाब** – जनता मुझे इसलिए वोट दे क्योंकि मैं वादों की नहीं, काम की राजनीति करता हूँ। मेरी प्राथमिकता विकास, पारदर्शिता और ईमानदारी है। मैं आपके बीच का व्यक्ति हूँ, आपकी समस्या मेरी जिम्मेदारी है। अगर आप बदलाव चाहते हैं, तो मुझे एक मौका दें – मैं आपके भरोसे पर खरा उतरने का वादा करता हूँ।

---



अध्यक्ष पद प्रत्याशी सागर सोरेन को कांग्रेस का मिला समर्थन

**सवाल 1** – नगर पंचायत अध्यक्ष पद को लेकर चुनाव क्यों लड़ रहे हैं?

सागर सोरेन - मैं नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव इसलिए लड़ रहा हूँ क्योंकि अपने शहर की समस्याओं को करीब से देखा है और उन्हें जड़ से समाधान करने का संकल्प लिया है। आज भी कई वार्डों में सफाई, जलनिकासी, सड़क, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और युवाओं के लिए रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी है। मेरा उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि सेवा है। मैं पारदर्शिता, ईमानदारी और विकास की सोच के साथ नगर पंचायत को एक मॉडल नगर के रूप में स्थापित करना चाहता हूं, जहाँ हर वर्ग–गरीब, महिला, युवा और बुजुर्ग–को समान सम्मान और सुविधा मिले।

**सवाल 2** – मतदाता आपको क्यों वोट देंगी ?

सागर सोरेन - मतदाता मुझे इसलिए वोट दें क्योंकि मैं वादों से ज्यादा काम में विश्वास रखता हूँ। मेरी प्राथमिकता साफ-सुथरा शहर, बेहतर सड़क और जल व्यवस्था, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और जनता की सीधी भागीदारी होगी। मैं हर वार्ड में नियमित जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करूंगा । मेरा लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनता का भरोसा जीतना है। यदि आप विकास, ईमानदारी और जवाबदेही चाहते हैं, तो मुझे अपना समर्थन दे।

---



उम्मीदवार का नाम - अभिनव सिंह
क्षेत्र - वार्ड संख्या 3 ,
सीट - पिछड़ा वर्ग, अन्य

**सवाल 1** – वार्ड की मुख्य समस्या और 100 दिनों का प्लान?

**उत्तर** – वार्ड की सबसे बड़ी समस्याएँ हैं–सड़क, नाली, सफाई और पेयजल।पहले 100 दिनों में हर गली-मोहल्ले का सर्वे, टूटी सड़कों की मरम्मत, नालियों की सफाई, नियमित कचरा उठाव और जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करना मेरी प्राथमिकता होगी।

**सवाल 2** – भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी पर कैसे लगाम लगाएंगे?

उत्तर– हर काम में पारदर्शिता लाऊँगा। सभी योजनाओं की जानकारी सार्वजनिक होगी, खर्च का हिसाब जनता के सामने रखा जाएगा और किसी भी प्रकार की कमीशनखोरी को सख्ती से रोका जाएगा।

**सवाल 3** – गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है?

**उत्तर** – गरीब परिवारों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाना, राशन, आवास, पेंशन और स्वास्थ्य सुविधाओं तक उनकी सीधी पहुँच सुनिश्चित करना मेरी प्रतिबद्धता है।

**सवाल 4** – जनता की सीधी भागीदारी कैसे सुनिश्चित करेंगे?

**उत्तर** – हर महीने जन-बैठक और शिकायत सुनवाई होगी। वार्ड स्तर पर कमेटियाँ बनाकर लोगों की राय से ही विकास योजनाएँ तय की जाएँगी, ताकि रिश्ता सिर्फ चुनाव तक सीमित न रहे।

**सवाल 5** – जनता आपको वोट क्यों दे?

**उत्तर** – क्योंकि मैं वादे नहीं, काम और जवाबदेही में विश्वास रखता हूँ। ईमानदार सोच, साफ नीयत और वार्ड 3 के हर परिवार के सम्मानजनक जीवन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ मैदान में हूँ।
आपका एक वोट, वार्ड के विकास की मजबूत शुरुआत बनेगा।

---



उम्मीदवार का नाम आशा देवी
क्षेत्र वार्ड संख्या 3 नगर परिषद मिहिजाम
सीट अनारक्षित महिला

**सवाल**–वार्ड की मुख्य समस्या और 100 दिनों का प्लान?

**उत्तर**–हर मोहल्ले का निरीक्षण कर जरूरी कार्य तय होंगे, 100 दिनों में आधारभूत समस्याएं काफी कम होंगी।

**सवाल**–भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी पर कैसे लगाम लगाएंगे?

**उत्तर**–डिजिटल भुगतान और रिकॉर्ड व्यवस्था लागू कर लेन-देन में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।


**सवाल**–गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है?

**उत्तर**–वार्ड स्तर पर हेल्प डेस्क बनाकर गरीबों को सरकारी लाभ आसानी से दिलाया जाएगा।

**सवाल**–जनता की सीधी भागीदारी कैसे सुनिश्चित करेंगे या सिर्फ चुनाव तक ही रिश्ते रहेंगे?

**उत्तर**–जनता निगरानी समिति बनाकर विकास कार्यों की समीक्षा और सुझाव देने का अधिकार दिया जाएगा।

---



उम्मीदवार का नाम मनीषा महतो
क्षेत्र वार्ड संख्या 3 नगर परिषद मिहिजाम
सीट अनारक्षित महिला
प्रत्याशी परिचय पूर्व पार्षद

**सवाल**–वार्ड की मुख्य समस्या और 100 दिनों का प्लान?

**उत्तर**–वार्ड विकास योजना बनाकर पानी, रोशनी और सफाई व्यवस्था मजबूत करने का काम तुरंत शुरू करेंगे।

**सवाल**–भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी पर कैसे लगाम लगाएंगे?

**उत्तर** –जनता की निगरानी में काम होंगे, किसी भी तरह की कमीशनखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**सवाल** –गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है?

**उत्तर** –शिक्षा, पोषण और रोजगार पर विशेष ध्यान देकर गरीबों के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

**सवाल**–जनता की सीधी भागीदारी कैसे सुनिश्चित करेंगे या सिर्फ चुनाव तक ही रिश्ते रहेंगे?

**उत्तर**–चुनाव तक नहीं, पूरे कार्यकाल जनता के बीच रहकर समस्याओं पर खुली चर्चा की जाएगी।

## बंद घर से फंदे से लटका मिला युवक का शव

**गोड्डा।** जिले के मोतिया ओपी क्षेत्र अंतर्गत मोतिया गांव में गुरुवार को एक 30 वर्षीय युवक का शव उसके घर के दूसरे तल्ले पर बंद कमरे से फंदे से झूलता हुआ बरामद किया गया। मृतक की पहचान मोतिया निवासी अभिषेक झा के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिषेक झा मोतिया स्थित अडानी पावर प्लांट में कार्यरत एक आउटसोर्सिंग कंपनी में काम करता था। बताया जा रहा है कि वह 12 तारीख तक काम पर गया था, इसके बाद से वह दिखाई नहीं दिया।गुरुवार को आसपास के लोगों ने घर से तेज दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मोतिया ओपी पुलिस सदलबल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# स्थानीय हस्तशिल्प एवं पारंपरिक उद्योगों को सशक्त बनाया जाए : डीसी

**संताल एक्सप्रेस**

**गोड्डा ।** उपायुक्त अंजली यादव एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से ठाकुरगंगटी प्रखंड अंतर्गत अवस्थित झारक्राफ्ट भगैया सिल्क सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा सिल्क उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया कोकून से धागा निर्माण, रंगाई, बुनाई, कुखैना बंडीथान एवं शाल तैयार किए गए वस्त्रों के संकलन का विस्तृत अवलोकन किया गया। उपायुक्त के द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों एवं सिल्क कारीगरों से सीधा संवाद करते हुए उत्पादन की वर्तमान स्थिति, कच्चे माल की उपलब्धता, हैंड पेंटिंग विपणन व्यवस्था एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने कहा कि भगैया सिल्क की पहचान राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित है, अतः इसकी गुणवत्ता एवं ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि कारीगरों को नियमित प्रशिक्षण एवं आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाए। उत्पादों की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मार्केटिंग की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी को बढ़ावा दिया जाए। उत्पादन इकाई में स्वच्छता, सुरक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण किया जाए। उपायुक्त ने कारीगरों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि स्थानीय हस्तशिल्प एवं पारंपरिक उद्योगों को सशक्त बनाया जाए, जिससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो एवं कारीगरों की आय में स्थायी सुधार हो सके। निरीक्षण के दौरान नेचर पार्क एवं फॉसिल पार्क परिसर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, पर्यटकों के लिए की गई व्यवस्थाओं तथा संरचनात्मक विकास कार्यों का जायजा लिया गया।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पार्क क्षेत्र की साफ-सफाई नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए तथा पर्यटकों की सुविधा हेतु पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। उन्होंने कहा कि फॉसिल पार्क जिले की ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक धरोहर है, जिसके संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार के लिए विशेष पहल की जाए, ताकि अधिकाधिक पर्यटक यहां आकर्षित हों। पुलिस अधीक्षक के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार पुलिस गश्ती बढ़ाने एवं संवेदनशील स्थलों पर निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



# निकाय चुनाव की तैयारियों पर डिस्पैच, रिसीविंग स्टाफ के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**संताल एक्सप्रेस**

**गोड्डा ।** उपायुक्त के निदेशानुसार डीआरडीए सभागार में नगरपालिका आम निर्वाचन की तैयारियों के तहत डिस्पैच/रिसीविंग स्टाफ के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य डिस्पैच एवं रिसीविंग काउंटर पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उनके दायित्वों, कर्तव्यों एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराना था, ताकि मतदान सामग्री के वितरण एवं प्राप्ति की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके। कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील दायित्व है। सभी प्रतिनियुक्त कर्मी प्रशिक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों का गंभीरता से अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान सामग्री के सही मिलान, आवश्यक प्रपत्रों की सावधानीपूर्वक जांच, सीलिंग प्रक्रिया एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन पर विशेष बल दिया।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा डिस्पैच एवं रिसीविंग की संपूर्ण प्रक्रिया का चरणबद्ध प्रस्तुतीकरण किया गया। मतदान सामग्रियों की चेकलिस्ट, संबंधित प्रपत्रों की पूर्ति, सामग्री की पैकेजिंग एवं सुरक्षित जमा करने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही संभावित त्रुटियों एवं उनसे बचाव के उपायों पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण के उपरांत उपस्थित कर्मियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। जिला प्रशासन, गोड्डा द्वारा निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी निर्वाचन संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। कार्यक्रम में संबंधित पदाधिकारीगण, निर्वाचन विभाग के कर्मीगण एवं प्रतिनियुक्त डिस्पैच/रिसीविंग स्टाफ उपस्थित रहे।



## भारत को एआई का उपभोक्ता नहीं, मालिक बनना होगा : जीत अदाणी

**संताल एक्सप्रेस**

**गोड्डा ।**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सदी में भारत को सिर्फ टेक्नोलॉजी का उपयोग करने वाला देश नहीं, बल्कि उसे बनाने और नियंत्रित करने वाला राष्ट्र बनना होगा। यह बात अदाणी ग्रुप के डायरेक्टर जीत अदाणीद्व ने इंडिया समिट 2026 में कही। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि एआई अब केवल तकनीकी बदलाव नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय संप्रभुता, आर्थिक शक्ति और वैश्विक प्रभाव का नया आधार बनने जा रहा है।जीत अदाणी ने कहा कि इतिहास में हर युग को एक तकनीक ने परिभाषित किया है। बिजली ने उद्योगों को गति दी, तेल ने वैश्विक राजनीति की दिशा तय की और इंटरनेट ने पूरी अर्थव्यवस्था को बदल दिया। अब वही भूमिका एआई निभाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के सामने असली सवाल यह नहीं है कि वह ॄढ्ढ अपनाएगा या नहीं, बल्कि यह है कि भारत अपनी बुद्धिमत्ता खुद बनाएगा या दूसरे देशों की बनाई प्रणाली पर निर्भर रहेगा।उन्होंने ये भी कहा कि भारत का उदय किसी पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए नहीं है, बल्कि दुनिया में संतुलन और स्थिरता लाने के लिए है। भारत जब तकनीक बनाता है तो उसका उद्देश्य नियंत्रण नहीं, बल्कि समावेश होता है। लेकिन उन्होंने चेतावनी भी दी कि क्षमता के बिना समावेश कमजोरी बन जाता है और संप्रभुता के बिना क्षमता विदेशी निर्भरता में बदल जाती है। जीत अदाणी ने भारत की एआई शक्ति के तीन प्रमुख स्तंभ बताए- सम्पूर्ण ऊर्जा, क्लाउड पर संप्रभुता और असीमित सेवा।उन्होंने कहा कि एआई को चलाने के लिए सबसे जरूरी चीज बिजली है। एआई सिस्टम भारी मात्रा में ऊर्जा का उपयोग करते हैं और अगर बिजली व्यवस्था कमजोर होगी तो देश की एआई क्षमता भी कमजोर होगी। उन्होंने कहा कि भारत में सोलर और विंड एनर्जी का विस्तार अब केवल पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं है बल्कि यह राष्ट्रीय रणनीति का हिस्सा बन चुका है। आने वाले समय में देश में ऐसे बड़े केंद्र विकसित होंगे जहां ग्रीन एनर्जी और ॄढ्ढ डाटा सेंटर एक साथ काम करेंगे।उन्होंने कहा कि दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ क्लाउड है। पहले देश अपनी सुरक्षा के लिए सेना और नौसेना बनाते थे।आज के डिजिटल युग में डेटा सेंटर और कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर उतने ही महत्वपूर्ण हो गए हैं। अगर भारत का डेटा और ॄढ्ढ सिस्टम विदेशों में रहेगा तो भारत की रणनीतिक ताकत भी बाहरी नियंत्रण में रहेगी। इसलिए भारत को अपने देश में ही बड़े पैमाने पर डाटा सेंटर और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना होगा, ताकि देश की डिजिटल संप्रभुता सुरक्षित रह सके।



## पाथरचपड़ा में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण

**जामताड़ा।** जिला जनसंपर्क कार्यालय, जामताड़ा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नगरपालिका निर्वाचन-2026 की तैयारियों के तहत न्यू पॉलिटेक्निक कॉलेज, पाथरचपड़ा में मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र का निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि आनंद ने किया।उपायुक्त ने पीठासीन पदाधिकारी सहित प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ मतदान अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिरहित मतदान संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सीलिंग- अनसीलिंग प्रक्रिया, प्रपत्र भरने और मतपेटी संचालन में सतर्कता बरतने पर विशेष जोर दिया।प्रशिक्षण में मिहिजाम नगर परिषद के सामान्य प्रेक्षक संजय पाण्डेय ने राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों और हैंडबुक के नियमों की विस्तार से जानकारी दी।मास्टर ट्रेनरों ने मतदान प्रक्रिया का व्यावहारिक अभ्यास कराया और शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, एपीओ मनोज कुमार, सैयद मो. इमाम और दुर्गेश कुमार दुबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महागामा नपं चुनाव को लेकर भाजपा की हुई बैठक



**महागामा ।** नगर पंचायत चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, राजनीतिक सरगर्मी तेज होती जा रही है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह का महागामा आगमन हुआ, जहां उन्होंने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों के साथ विस्तृत संवाद किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन की मजबूती, चुनावी रणनीति, बूथ प्रबंधन और जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में संगठन मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर पंचायत चुनाव भले ही स्थानीय निकाय का चुनाव हो, लेकिन इसका राजनीतिक संदेश दूरगामी होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस चुनाव को प्रतिष्ठा का प्रश्न मानते हुए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरें और हर वार्ड, हर बूथ तक पार्टी की पहुंच सुनिश्चित करें। वहीं कर्मवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ÷बूथ जीता तो चुनाव जीता÷ का नारा लगाया। कहा कि चुनाव की असली ताकत बूथ स्तर पर होती है। उन्होंने निर्देश दिया।

## नाला में सखी मंडल ने नेचूरल अबीर निर्माण से सुरक्षित होली का दिया संदेश

**नाला (जामताड़ा)।** होली के पावन पर्व को सुरक्षित, स्वास्थ्यवर्धक एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में नाला प्रखंड अंतर्गत पलाश के तहत संचालित सखी मंडल की महिलाओं द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। नाला प्रखंड कार्यालय परिसर में सखी मंडल के सदस्यों द्वारा प्राकृतिक विधि से अबीर का निर्माण किया जा रहा है।तैयार किया जा रहा यह अबीर पूरी तरह नेचरल एवं शुद्ध सामग्री से निर्मित है, जिससे त्वचा अथवा स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को रासायनिक युक्त गुलाल के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा सुरक्षित एवं स्वस्थ होली मनाने के लिए प्रेरित करना है।नेचरल अबीर निर्माण कार्य में सखी मंडल की सदस्य राधा मंडल, चंदना महतो, ब्रिंदा पाल, फूलटुसी रुईदास, मिताली मंडल एवं रिंकू मंडल सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं। वहीं छ्ग्स्क्र की ओर से बीपीएम गणेश महतो, कृष्णा गोपाल पाल एवं संदीप कुमार मंडल का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है।बताया गया कि अब तक लगभग 70 किलोग्राम नेचरल अबीर का निर्माण किया जा चुका है, जिसे विभिन्न प्रखंडों एवं जिलों में स्थित पलाश मार्ट के माध्यम से बिक्री हेतु उपलब्ध कराया जाएगा।सखी मंडल की इस पहल से एक ओर जहां महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर समाज को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा का सकारात्मक संदेश भी दिया जा रहा है। यह प्रयास आत्मनिर्भर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभर रहा है।



## बेहोश मिली युवती, आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नाला(जामताड़ा)।** नाला थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक पर पीड़िता की नानी के आवेदन पर पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार किया है। बुधवार को मामले की सूचना मिलने पर नाला थाना पुलिस पदाधिकारी एवं एसडीपीओ गांव पहुंचकर घटना की जांच शुरू की।बताया जाता है कि एक लड़की अपनी नानी के घर आई थी। मंगलवार रात को अपने स्वजनों के साथ देवलेश्वर में आयोजित मेले में गई थी। देर रात भेड़ों के गांव जानेवाले रास्ते के समीप पुलिया के सामने वह बेहोश अवस्था में पड़ी हुई थी।पुलिस ने उसे उठाकर सदर अस्पताल जामताड़ा में भर्ती कराया। शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सुबह से ही एसडीएम अनंत कुमार एवं एसडीपीओ मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ गांव एवं देवलेश्वर मंदिर परिसर पहुंचे। बाद में इस घटना के आरोप में पुलिस अधीक्षक नाला देवलेस्वर में पहुंचे। एसडीओ अनंत कुमार व पुलिस पदाधिकारी के द्वारा पीड़िता का बयान दर्ज किया गया। इस संबंध में नाला थाना में कांड संख्या 14/26 दर्ज की गई है



उम्मीदवार का नाम - गुणानंद झा
क्षेत्र - वार्ड संख्या -03, गोड्डा नगर परिषद
सीट - अनारक्षित, अन्य
प्रत्याशी परिचय - निवर्तमान पार्षद

**सवाल 1** – वार्ड की मुख्य समस्या और 100 दिनों का क्या है आपका प्लान?

**जवाब** – मेरे पहले 100 दिनों का प्लान स्पष्ट है। पूरे वार्ड का सर्वे कर प्राथमिक समस्याओं की सूची तैयार की जाएगी। नाली और सड़क मरम्मत कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी। नियमित कचरा उठाव के लिए मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया जाएगा। पेयजल की समस्या को हर हाल में दुर किया जाएगा।100 दिनों में जनता को बदलाव दिखे, यही मेरा पहला प्रयास है।

**सवाल 2** – आपका इस बार का संकल्प क्या है?

**जवाब** – स्वच्छ और स्वस्थ वार्ड - नियमित सफाई व्यवस्था, कचरा उठाव की सुदृढ़ व्यवस्था एवं जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान, सड़क एवं नाली निर्माण - जर्जर सड़कों की मरम्मत, नई सड़कों एवं पक्की नालियों का निर्माण, शुद्ध पेयजल व्यवस्था - सभी मोहल्लों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एवं खराब चापाकलों/ पाइपलाइन की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था - अंधेरे क्षेत्रों में नई लाइट लगवाना और खराब लाइटों की शीघ्र मरम्मत कराना शामिल है।

**सवाल 3** – गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है?

**जवाब** – गरीब परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सही तरीके से पहुंचे, यह मेरी प्राथमिकता होगी।राशन कार्ड, पेंशन, आवास योजना, शौचालय योजना का लाभ दिलाने के लिए कैंप लगाया जाएगा। जरूरतमंदों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

**सवाल 4** – जनता आपको वोट क्यों दे ?

**जवाब** – बीते कार्यकाल में हमने वार्ड के विकास, स्वच्छता, सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट तथा जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए। वार्ड की जनता ने मुझे हमेशा जनसेवा के लिए प्रेरित किया है। अब एक बार फिर मैं वार्ड पार्षद पद के लिए जनता के बीच उपस्थित है। मेरा प्रयास है कि मैं अपने वार्ड की जनता को हर सुविधा उपलब्ध कराऊ। इस बार फिर आपका आपर प्यार और समर्थन मिल रहा है।

---



उम्मीदवार का नाम रामू साव
क्षेत्र वार्ड संख्या 4 नगर परिषद मिहिजाम
सीट अत्यंत पिछड़ा वर्ग 2
प्रत्याशी परिचय समाजसेवी

**सवाल**–वार्ड की मुख्य समस्या और 100 दिनों का प्लान?

**उत्तर** –पहले 100 दिन जनसमस्याओं के समाधान के नाम होंगे, पारदर्शी तरीके से विकास कार्य तेज किए जाएंगे।

**सवाल** – भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी पर कैसे लगाम लगाएंगे?

**उत्तर** –सामाजिक ऑडिट और मासिक समीक्षा से भ्रष्टाचार की जड़ पर सीधी चोट होगी।

**सवाल** –गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है?

**उत्तर** –बेघर और जरूरतमंद परिवारों को आवास योजना और मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने का प्रयास होगा।

**सवाल** –जनता की सीधी भागीदारी कैसे सुनिश्चित करेंगे या सिर्फ चुनाव तक ही रिश्ते रहेंगे?

**उत्तर** –हर सप्ताह जन संवाद कार्यक्रम रखकर शिकायतें सुनेंगे और समाधान की प्रगति साझा करेंगे।

## एसडीओ ने वज्रगृह, मतगणना केंद्र और चेकनाका का लिया जायजा



**जामताड़ा।** जिला जनसंपर्क कार्यालय, जामताड़ा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी जामताड़ा अनंत कुमार ने गुरुवार को वज्रगृह, मतगणना केंद्र तथा विभिन्न चेकनाका स्थलों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत कई मतदान केंद्रों का सेक्टर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों के साथ दौरा किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंध और विधि-व्यवस्था की स्थिति का गहन आकलन किया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या सुरक्षा चूक न हो।एसडीओ ने वज्रगृह की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। साथ ही मतगणना केंद्र पर बैरिकेडिंग, प्रवेश-नियंत्रण और सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को दुरुस्त रखने को कहा।प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। निरीक्षण के बाद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

## सरला माहेश्वरी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन




**गोड्डा ।** दूरदर्शन की 80 और 90 के दशक की लोकप्रिय समाचार प्रस्तोता सरला माहेश्वरी के निधन पर रेनबो म्यूजिकल ग्रुप द्वारा बुधवार शाम एक शोक - सह - श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर दिवंगता को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। 71 वर्षीया सरला जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया ।

## 50 प्रतिशत से कम बैंक खाते वाले विद्यालयों पर सख्ती : बीआरसी




**करमाटांड़ (जामताड़ा)।** प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, करमाटांड़-विद्यासागर में प्रखण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सर्किल मरांडी ने की, जबकि संचालन बी.पी.ओ. सावित्री किस्कू द्वारा किया गया।बैठक में कक्षा 01 से 08 तक के सभी छात्र-छात्राओं का शत-प्रतिशत बैंक खाता खुलवाने की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि प्रखण्ड के कई विद्यालयों में बैंक खाते की उपलब्धता 50 प्रतिशत से भी कम है, जो अत्यंत चिंताजनक है।सत्र समाप्ति के निकट होने के कारण बैंक खाते के अभाव में छात्र-छात्राएं विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं। इस पर अधिकारियों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की।प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सतुआटांड़, बरमुंडी, मुरगाबनी, ताराबहाल, डुमरिया, सुब्दीडीह एवं तारकोजोरी, नव प्राथमिक विद्यालय हीरापुर, जेरोपहाड़ी, घोषबाद, लोहरबंदा, मटटांड, राखाबाद, बारादाहा, जिलिमटांड, हथियापाथर, लखनपुर, मोहनपुर, शेखपुरा एवं सिमला, प्राथमिक विद्यालय दूधानी माधोपुर, सकलपुर, रतनिया, नवाइकोल एवं रानीटांड, मध्य विद्यालय कालाझरिया मदनकट्टा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कदरुडीह तथा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जसैडीह तेतरियाटांड़, केंदुआटांड़ पिण्डारी, नवाडीह, बरवा, भरकट्टा बनभीटा, फुलची कालाझरिया, सहरजोड़ी, भगवानपुर रायटोला, सिमराबोझ विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बैंक खातों की उपलब्धता 50 प्रतिशत से कम पाई गई।प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने सभी संबंधित प्रधानाध्यापकों एवं प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे शेष छात्रों का बैंक खाता शीघ्र खुलवाकर उसकी अद्यतन सूची एवं प्रतिवेदन बीआरसी करमाटांड़ में जमा करें।

## एआई समिट की चमक और ज़मीनी हकीकत

भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को लेकर बड़े-बड़े दावे सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। सरकार ने पिछले वर्ष एआई विकास के लिए 2000 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया था, खबरों के अनुसार उसमें से लगभग 800 करोड़ रुपये ही खर्च हो सके। यह अंतर केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि नीति और क्रियान्वयन के बीच की दूरी को दर्शाता है। जब देश में एआई समिट का आयोजन किया जा रहा है। मंचों से डिजिटल क्रांति की बात हो रही है। तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है, सरकार की इस मामले में वास्तविक सोच क्या है? सरकार ने एआई में शोध के लिए किस तरह की नीतियां बनाई हैं। विश्वविद्यालयों और कॉलेज में शोध के लिए क्या प्रबंध किए गए हैं। इस दौड़ में कैसे भारत आगे रहेगा। इसकी कोई वास्तविक सोच दिख नहीं रही है। एआई को लेकर भारत सरकार भी सपने देख रही है और वही सपना लोगों को दिखा रही है। विश्वविद्यालयों और आईटी सेक्टर को अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। शोध के लिए पिछले कई वर्षों में केंद्र सरकार को बजट में जो धन उपलब्ध कराना था, उसे बढ़ाने के स्थान पर और कम किया है। शोध संस्थानों में बुनियादी ढांचा, उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग संसाधन और दीर्घकालिक अनुदान की कमी होने के कारण शोध लगभग लगभग बंद हो गए हैं। विश्वविद्यालयों में अनुसंधान को पर्याप्त प्रोत्साहन नहीं मिलेगा, तो स्वदेशी एआई तकनीक के साथ कदमताल कर पाना संभव नहीं होगा। भारत एक बाजार बनेगा। जहां पर विदेश से आयातित उत्पाद विक्री के लिए उपलब्ध होंगे और हम बहुत बड़ी विदेशी मुद्रा और रोजगार के अवसर विदेशों को देने का काम करेंगे। एआई समिट में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भागीदारी स्वागत योग्य है। भारत सरकार यदि भारत को एक उपभोक्ता बाजार बनाना चाहती है तो यह भारत सरकार की सोच है। भारत सरकार विदेशी कंपनियों के लिए पलक पावड़े बिछाती है। भारतीय कंपनियों और भारतीय शोधकर्ताओं के ऊपर सरकार को विश्वास ही नहीं है। सरकार जो नीतियां बनाती है उनके क्रियान्वयन में इतना बड़ा भ्रष्टाचार होता है, कि भारतीय शोधकर्ता और भारतीय कंपनियां विदेशी कंपनियों के मुकाबले में पिछड़ जाती हैं। यह स्थिति दीर्घकालिक दृष्टि से बहुत चिंताजनक है। दुनिया की अग्रणी कंपनियां जैसे ओपन एआई, गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी-बड़ी कंपनियों को भारतीय राजनेता और भारतीय नौकरशाह दामाद की तरह स्वागत करते हैं। भारत सरकार का हर काम इन्हीं कंपनियों को सौंपा जाता है। इससे अच्छे उत्पादन यदि भारतीय कंपनियां और सॉफ्टवेयर इंजीनियर तैयार करते हैं। उन्हें सरकार कोई तवज्जो नहीं देती है, जिसके कारण वह विदेशो में जाकर अपना करियर बनाने के लिए विवश होते हैं। माइक्रोसॉफ्ट, टेस्ला एवं अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने उत्पादों के साथ सरकारी संरक्षण को लेकर भारतीय एवं वैश्विक बाजार में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। भारत में एआई तकनीकी का विस्तार स्वाभाविक है रूप से समय की मांग है।

# पाकुड़ से लेकर रांची, दिल्ली तक राजनीति ही राजनीति



-श्याम किशोर चौबे

झारखंड में नगर निकायों के चुनाव चल रहे हैं, जबकि विधानसभा और संसद के सत्र चल रहे हैं। नगर निकायों में आसन जमाने के उत्सुक प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्रों को सब्जबाग दिखा रहे हैं, जीते तो तार देंगे। ऐसे ही विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कहा गया था। स्थिति यह है कि संसद का सत्र सुचारू रूप से चल नहीं पा रहा। विधानसभा में भी बदस्तूर ऐसा ही हो शायद। जो विद्या-बुद्धि संसद में विपक्षी खेमा यानी गैर एनडीए वाले दिखा रहे हैं, विधानसभा में वही गुण-धर्म एनडीए द्वारा अपनाये जाने की उम्मीद है। छह साल का रिकॉर्ड यही रहा है। सत्ता पक्ष वित्तीय और विधायी कार्य निपटा लेना चाहता है। संख्याबल के कारण विपक्ष रोक भी नहीं सकता। वह हंगामा कर सकता है, सो कर देता है। विपक्ष यदि जनता के सवालों को लेकर सड़क पर नजर आता, तो निश्चय ही उसके प्रति सबकी सहानुभूति जगती। झारखंड में प्रमुख विपक्षी दल भाजपा की गति-मति इसी बात से पता चलती है कि उसके प्रदेश अध्यक्ष के बहाल हुए महीना भर से अधिक समय बीत गया लेकिन उनकी कमिटी तक न बन सकी है। ऐसे में जन मुद्दों पर आंदोलन की उम्मीद कहां बनती है! हां, रोज-रोज प्रेस कान्फ्रेंस कर मीडिया के भरोसे कुछ न कुछ कहा जरूर जा रहा है। हाल के वर्षों में जुड़े कई 'रत्नों' के बीच मंत्री रह चुके दुलाल भुइयां की आमद बताती है कि इस दल का आकर्षण तो है।

जब पाकुड़ से लेकर बहरागोड़ा तक और भवनाथपुर से लेकर कोडरमा तक नगर निकाय गठित हो जाएंगे, तो उनकी भी बैठकों में विधानसभा या संसद की नाई बतकूचन से लेकर, विरोध-प्रतिरोध और नारेबाजी से इतर क्या होगा! बजट बनाना और उसकी राशि से ठेकेदारी करवाने से अलग क्या होगा! और तो और राजधानी रांची के बीच बह रही हरमू नदी हो कि शहर से सटी स्वर्णरेखा, इनकी बुरी गत देखकर ही अंदाजा लग जाता है कि नगर निगम किस हद तक जागरूक रहता है। हाल-फिलहाल, हरमू नदी की सफाई का अभियान चलाया गया तो लगा, कुछ होगा, लेकिन हुआ क्या, वही ढाक के तीन पात। इसे स्वच्छ बनाने के नाम पर 80 करोड़ से अधिक पहले ही पानी में बहाये जा चुके हैं। इसलिए अभी प्रत्याशी जो-जो उम्मीदें बंधा रहे हैं, उनको नोट कर रख लेना और वक्त पर उनकी याद दिलाना फर्ज बनता है। इस बीच राज्यसभा की दो सीटों पर चुनाव की बारी आनेवाली है। झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन के देहांत के कारण एक सीट रिक्त हुई है, जबकि भाजपा के प्रदेश प्रमुख रहे दीपक प्रकाश की सीट भी रिक्त होनेवाली है। आज की तारीख में संख्याबल बता रहा है कि एकदम से विपरीत परिस्थितियां न बनीं तो एनडीए को कोई सीट नहीं मिलनेवाली। यूं, पेंच तो फंसाये जाएंगे ही। 28 विधायकों के वोट से राज्यसभा के एक सदस्य का चुनाव होगा। इंडिया ब्लॉक के पास खुद के 56 विधायक हैं।

नगर निकाय से संसद तक की राजनीति का एक ही असल मकसद है, अवाम की खुशहाली। इसके विपरीत राज्य करने की नीति अधिक हावी दिखती है। खुशहाली का हाल यह कि वित्तीय वर्ष बीतने को आया, केंद्रीय योजनाओं की प्रावधानित 2,222.35 करोड़ राशि में से 81.14 फीसद खर्च नहीं हो पाई, दूसरी ओर केंद्र सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन मद की राशि जारी नहीं करने से 11 लाख वृद्ध, विधवा और दिव्यांग चार महीने से टकटकी लगाये हुए हैं। शिक्षा का हाल बेहाल है। चांसलर महोदय महीने भर में परीक्षाओं का परिणाम जारी करने का निर्देश देते हैं, लेकिन राज्य की प्रीमियर यूनिवर्सिटी रांची विश्वविद्यालय के स्नातक सेकेंड सेमेस्टर (2023-27 सत्र) की मई 2025 में हुई परीक्षा का परिणाम नहीं आ सका है। पीजी क्लासेस में नामांकन तक नहीं हो पाया है। कई विश्वविद्यालय वाइस चांसलर विहीन हैं तो अनेकानेक कॉलेज प्रिंसिपल विहीन। यूनिवर्सिटी और कॉलेजों की पढ़ाई में घंटी आधारित शिक्षकों के अमूल्य योगदान के लिए यह काल इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लेगा।स्थानीय निकाय हों कि विधानसभा या संसद, बजट बनाना, कर्मियों के वेतन दे देना, वोट के लिए मुफ्त की रेवड़ियां बांट देना और बची-खुची रकम विकास के नाम खर्च दिखा देना ही उनका कर्तव्य हो, तो वे सही रास्ते पर जा रहे हैं। यदि इसी को विकास कहते हैं, तो निश्चय ही विकास हो रहा है। उस विकास की गति क्या है, अमीर और अमीर बन रहे हैं, जो गिनती के हैं। बाकी बहुत-बहुत बड़ी आबादी पांच किलो मुफ्त राशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के नाम हजार रुपल्ली या इसी के आसपास रकम के भरोसे।

यदि सभी खेतों को पानी उपलब्ध करा दिया जाता, सभी बच्चों को एक समान शिक्षा दी जाती और हर किसी को समान स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करायी जातीं, रोजी-रोजगार के अवसर विकसित कर दिये जाते, तो बात ही कुछ और होती। तब न फ्रीबीज की जरूरत पड़ती, न ही अमन-चैन पर कोई हाथ डालता। ऐसी ही व्यवस्था नेकनामी हासिल करती है। वोट पा जाना, वार्ड पार्षद, मेयर या विधायक, सांसद बन जाना अलग बात है, और समाज के अंतिम छोर तक उम्मीद की लहर पैदा करना अलग बात है। नगर निकायों के गैरदलीय चुनाव में जब पार्टी स्तर पर झामुमो प्रमुख कमान संभाले हों, प्रदेश प्रभारी के मार्गदर्शन में कांग्रेस के मंत्रियों को जवाबदेही सौंप दी गई और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय मंत्री चुनाव प्रबंधन की रिपोर्ट लेने लगे, नेता विधायक दल के अलावा पूर्व मुख्यमंत्रियों को भी प्रचार में झोंक दिया गया, तो गली-मुहल्ले की राजनीति प्रभावित होना स्वाभाविक है। यह तो वैसा ही तमाशा है, जैसे सीनियर सिटिजन तितलियां उड़ा रहे हों या कि कंचे खेल रहे हों। नगर पंचायत सदस्य और वार्ड पार्षद आखिरकार गली-मुहल्ले का ही तो चुनाव लड़ते हैं। उनको इलाके के लोग भलीभांति जानते हैं। अपने प्रभाव क्षेत्र के विकास की जवाबदेही उन पर भी होती है। ऐसा हो कहां पाता है! बड़े नेताओं का पुण्य-प्रताप यह कि वे भी राजनीति में फंस-धंस जाते हैं, चुनावी मौसम के वादे-इरादे धरे के धरे रह जाते हैं, जुमले बनकर पतली गली पकड़ लेते हैं।

---

## पाकुड़ की खबरें

### मारपीट के एक आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

पाकुड़। एक युवक के साथ 10 लोगों ने मिलकर मारपीट किए जाने मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुसमा फाटक निवासी मनोज रजवार के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 फरवरी की रात थाना क्षेत्र के ही पाली गांव निवासी रमजान शेख के साथ 10 लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घायल के परिजन थाना में आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। पुलिस ने घायल को बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घायल युवक की स्थिति को देखते हुए दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

### प्रत्याशी कर रहे डोर टू डोर संपर्क

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



पाकुड़। इस क्रम में नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में नगर परिषद अध्यक्ष पद की प्रत्याशी संपा साहा ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है । लोगों के पास अपना एजेंडा भी रख रही है। उनसे पूछा गया पिछले बार जनता ने आपको चुनकर भेजा था की नगर में साफ सफाई और जल की व्यवस्था दुरुस्त होगी। गंगा का जल सबको प्राप्त होगा। किंतु गंगाजल आज तक प्राप्त नहीं हुई आखिर लोग आपको मतदान क्यों दे। इसकी जवाब देते हुए संपा साहा ने कहा की यह एक लंबित योजना थी। गंगा की जल प्राप्त हो इसके लिए मैंने एड़ी चोटी का जोर लगाया और गंगा का जल पाकुड़ तक पहुंचा। काम अंतिम दौर पर है । अध्यक्ष पद की समय सीमा समाप्त होने के बावजूद में लगातार प्रयास करती रही हूं। जल पाकुड़ तक पहुंच चुका है मैं पूरी प्रयास करूंगा की गर्मी आनेसे पहले लोगों को गंगा का जल प्राप्त हो और मैं इसे हर घर से जोड़ूंगा।

अपने पानी की समस्या दूर करने के लिए और क्या-क्या किया!

इस प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया मैंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र में जल संकट दूर करने के लिए 13 हाइड्रिक बोरिंग, 7 सोलर युक्त बोरिंग, 32 चापनलो वालों का अधिष्ठापन के साथ-साथ पाइप लाइन के जरिए निरंतर पानी की सुनिश्चितता की है।

साफ सफाई को लेकर भी लोगों का शिकायत रही थी

**साहा :** साफ सफाई और स्वच्छता के लिए और कचरा प्रबंधन व कचरा संग्रह की व्यवस्था की । कचरा गाड़ी के माध्यम से घर-घर से कचरा उठाने की व्यवस्था की। नालियों की नियमित सफाई कराई थी।

बेरोजगारो लोगों के लिए आपने क्या किया

इस प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री सवनिधि योजना के तहत 526 शहरी पथ विक्रेताओं को लाभान्वित करने के लिए आवेदन की सुकृति, 355 लोगों को व्यवसाय के लिए दास 10 ड्ड10 हजार का ऋण की राशि उपलब्धता एवं सुनिश्चित की।दुकान खोलने के लिए हटिया परिसर में 43 दुकानों का आवंटन की। मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत 571 श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने का काम किया।

### स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं: डीसी



साहिबगंज - जिला समाहरणालय सभागार में गुरुवार को डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक हुई .बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह उपस्थित थे.बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई. इसमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना, मुख्यमंत्री अस्पताल प्रबंधन एवं अनुरक्षण योजना, आयुष्मान भारत योजना, 15वां वित्त आयोग, पीएम -एबीएचआईएम तथा बीपीएचयू से संबंधित बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई.डीसी ने सभी योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं होगी.बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, जिले के सभी प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे.बैठक के अंत में डीसी ने कहा कि जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएं.


मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग गेट बो़द रेयाक् खो़बो़र

सीतारामपुर-झाझा अनुभाग रे काशीटाँड़ स्टेशन रे

सीतारामपुर-झाझा अनुभाग रे काशीटाँड़ स्टेशन रे हावड़ा खो़न किमी. 259/19-21 रे मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग गेट सं. **11/बी/टी** (इंटरलॉक्ड) **मा़हित 23.02.2026** हिलोक् खो़न सो़ड़ो़क बेवहारेत्कानको ला़गित् पुरा़उ ते बो़ंदकाक्आ। सो़ड़ो़क ते हिजुक्-सेनो़क् दो़ किमी. 260/11-13 रे 6.00 मीटर ओसार आरसीसी सेटेरो़क् सो़ड़ो़क वाला निकवर्ती सुमुङ उसुल रेयाक् सबवे (एलएचएस) दाराय ते डॉयवर्टकाक्आ।

**मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**

पूर्व रेलवे

नों़डे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


### पीएम श्री स्कूलों की समीक्षा में शिक्षा व्यवस्था को मिली पाकुड़ को नई दिशा

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



पाकुड़। समाहरणालय सभागार में आयोजित पीएम श्री स्कूलों की समीक्षा बैठक में जिले की शिक्षा व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति, पोषण कार्यक्रम और खेल उपलब्धियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता पीएम श्री स्कूलों के केंद्रीय नोडल अधिकारी एवं भारत सरकार, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के संयुक्त सचिव चेतना नंद सिंह ने की। बैठक में उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि जिले के पीएम श्री विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति, सहभागिता और शैक्षणिक प्रदर्शन में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों, अभिभावकों और प्रशासन के समन्वित प्रयासों से स्कूलों की गुणवत्ता बेहतर हुई है और जिले के विद्यालय लगातार राज्य के टॉप रैंक में स्थान बना रहे हैं। इस अवसर पर प्रोजेक्ट परख 3.0 एवं ग्रीन ब्लेजर का विमोचन किया गया। साथ ही रसोइया दीदियों के बीच प्रेशर कुकर का वितरण, बीपीओ को लैपटॉप प्रदान करना और प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को उनके नेतृत्व व योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा 19वीं झारखंड राज्य सीनियर पुरुष कबड्डी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाली पाकुड़ जिला टीम को सम्मानित किया गया।

संयुक्त सचिव चेतना नंद सिंह ने शिक्षकों से संवाद करते हुए ड्रॉपआउट रोकने, बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे का स्कूल से बाहर होना चिंता का विषय है और इसे रोकने के लिए शिक्षक, अभिभावक और प्रशासन को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी। बैठक में पोषण एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई। स्कूलों में संतुलित आहार, तिथि भोज सह जन्मोत्सव, शुगर बोर्ड, पोषण जागरूकता और स्वास्थ्य अभियानों के सकारात्मक परिणाम सामने आए। अधिकारियों ने कहा कि नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग के माध्यम से पीएम श्री स्कूलों को उत्कृष्टता की दिशा में और आगे बढ़ाया जाएगा।

### स्कूली छात्राओं की दी गई स्वास्थ्य व स्वच्छता की जानकारी



**महेशपुर ।** पाकुड़ )सीडीपीओ नीलू रानी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिरिस्तल्ला में किशोरी बच्चियों के लिए माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि माहवारी एक सामान्य प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है, जो आमतौर पर हर महीने किशोरियों और महिलाओं में होती है। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक डिम्पल प्रियंका, प्रधानाध्यापक कुमार भगत और दर्जनों किशोरी बच्ची मौजूद थीं।इस अभियान का उद्देश्य किशोरी बच्चियों को माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्वच्छता के महत्व के बारे में बताना था। नीलू रानी ने बताया कि माहवारी के दौरान स्वच्छता न केवल शारीरिक बल्कि, भावनात्मक कल्याण, आत्म-सम्मान, और दुनियाभर में महिला सशक्तिकरण के लिए भी जरुरी है ।

### शिक्षा सचिव से मिले विधायक,की रमजान महीने में मुस्लिम शिक्षकों को निर्धारित समय से एक घंटे पहले छुट्टी करने का अनुरोध

साहिबगंज- राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने गुरुवार को रांची में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर से मिलकर रमजान महीने में मुस्लिम शिक्षकों को निर्धारित समय से एक घंटे पहले छुट्टी की व्यवस्था पर पहल करने का ज्ञापन सौपे है. उन्होंने कहा है कि पवित्र रमजान के महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखते हैं और इबादत करते हैं ऐसे में मुस्लिम शिक्षकों एवं कर्मचारियों को दैनिक कार्यों को पूरा करने में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. इसलिए एक महीने तक झारखंड के सभी मुस्लिम शिक्षक एवं कर्मचारी के लिए विभाग की ओर सेढी निर्धारित समय से एक घंटे पूर्व छुट्टी की व्यवस्था की जाए. ताकि शिक्षक एवं कर्मचारी अपने कार्यों के कर्तव्य के साथ-साथ धार्मिक कर्तव्यों का भी सुचारू पूर्वक निर्वहन कर सके.

### मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में डालसा ने चलाया विशेष विधिक जागरूकता अभियान



संताल एक्सप्रेस संवाददाता
साहिबगंज - झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिल कुमार के मार्गदर्शन में मानव-वन्यजीव संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम के दौरान आमजन को उनके कानूनी अधिकारों, मुआवजा प्राप्ति की प्रक्रिया तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई.डालसा टीम ने बताया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति में पीड़ित व्यक्तियों को सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है. इसके लिए आवश्यक दस्तावेज, आवेदन प्रक्रिया एवं संबंधित विभागों से संपर्क की विधि भी समझाई गई.कार्यक्रम में बैनर के माध्यम से टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार का कार्यालय के संपर्क नंबर 9471521725 की जानकारी दी गई. ताकि जरूरतमंद लोग सीधे संपर्क कर सकें. उपस्थित लोगों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या, दुर्घटना या विवाद की स्थिति में निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ अवश्य लें.इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे.

### सांसद निधि एवं विधायक निधि के लंबित विकास कार्यों की समीक्षा

पाकुड़। उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में सांसद निधि एवं विधायक निधि अंतर्गत संचालित एवं लंबित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में लंबित डीसी विपत्रों की स्थिति पर भी चर्चा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि दोनों योजनाएं जनहित एवं क्षेत्रीय विकास से सीधे जुड़ी हुई हैं। इसलिए कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जो कार्य अपूर्ण हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूर्ण कराया जाए तथा सभी लंबित योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि विधायक निधि एवं सांसद निधि अंतर्गत पूर्ण हो चुके कार्यों के डीसी बिल एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी) शीघ्र जमा किए जाएं। ताकि लंबित भुगतान एवं प्रशासनिक प्रक्रियाएं समय पर पूरी हो सकें।

### रमजानः तरावीह की नमाज के साथ शुरू हुआ माहे रमजान, रोजेदारों में खुशी

पाकुड़। रमजान के महीने की शुरुआत हो गई। चांद दिखने के बाद रोजेदारों अहले सुबह में सहरी कर पहला रोजा रखा। सुबह 4:45 बजे के बीच सहरी के बाद पूरे दिन रोजा रखा। शाम को इफ्तार किया उसके बाद दूसरा रोजा के लिए मस्जिदों में विशेष तरावीह की नमाज अदा की गई।शहर से लेकर गांव तक रमजान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजारों में सेवइयां, खजूर और इफ्तार से जुड़ी सामग्री की दुकानों पर रौनक बढ़ गई है। रमजान से पूर्व ही मस्जिदों में तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। रोजेदारों का कहना है कि रमजान आत्मशुद्धि, त्याग और भाईचारे का संदेश देता है तथा समाज में प्रेम और सद्भाव को मजबूत करता है। मौलाना के मुताबिक रमजान बरकत और रहमत का महीना है। यह महीना सब्र, इबादत और इंसानियत का संदेश देता है। मस्जिदों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। इस बार रोजेदारों को लगभग 13 घंटे का रोजा रखना होगा।

रमजान को तीन अशरा में बांटा गया....रमजान महीने के पहले 10 दिन रहमत के होते हैं। रोजा नमाज करने वालों पर अल्लाह की रहमत होती है। रमजान के पहले अशरे में मुसलमानों को ज्यादा से ज्यादा दान कर गरीबों की मदद करनी चाहिए। रमजान का दूसरा अशरा रमजान के 11वें रोजे से 20वें रोजे तक चलता है। यह अशरा माफी का होता है। इस अशरे में लोग इबादत कर अपने गुनाहों से माफी पा सकते हैं।रमजान का तीसरा और आखिरी अशरा 21वें रोजे से शुरू होकर चांद के हिसाब से 29वें या 30वें रोजे तक चलता है। ये अशरा सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है।

### एक दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण का आयोजन



साहिबगंज- साहिबगंज सदर प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को मनरेगा के तहत् एक दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया.प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रशिक्षण में आये सभी ग्राम रोजगार सेवक, बागवानी सखी को बागवानी योजना के क्रियान्वयन में निगरानी हेतु आवश्यक कार्य करने का निर्देश दिया.प्रशिक्षक के रूप में बीपीओ शंकर कुमार,सहायक अभियंता राजीव कुमार,कनीय अभियंता नेहा कुमारी,जेएसएलपीएस बीपीएम,बीपीओ ने सभी को बागवानी योजना से संबंधित बागवानी सखी ऐप के माध्यम से योजना की गुणवत्ता और क्रियान्वयन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया.इस क्रम में नए किसान का चयन,योजना के चयन पूर्व की गतिविधि,गड्ढा खुदाई के समय,पौधा रोपाई के समय और पौधा रोपाई के बाद की विभिन्न बिंदु पर चर्चा की.बागवानी सखी द्वारा सभी योजना का भौतिक रूप से स्थल जांच कर ऐप के माध्यम से डेटा अपलोड करना है. इससे बागवानी योजना की उत्तरजीविता पर सकारात्मक प्रभाव होगा.

### सभी विद्यालयों में आज तिथि भोज सह जन्मोत्सव आयोजित, 'बैगलेस डे' का होगा विशेष आयोजन

पाकुड़ ।उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी प्रधानाध्यापकों, बीपीओ, बीआरपी एवं सीआरपी के साथ समीक्षा बैठक कर 20 फरवरी को आयोजित होने वाले तिथि भोज सह जन्मोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया।इस अवसर पर डीसी ने बताया कि सभी विद्यालयों में ÷बैगलेस डे÷ भी मनाया जाएगा, जिसमें बच्चे बिना बैग के विद्यालय आएंगे और विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेंगे। बच्चों और शिक्षकों द्वारा केक कटिंग की जाएगी, वहीं सभी विद्यालयों में विशेष पकवान जैसे पुड़ी-सब्जी, खीर, रसगुल्ला, सलाद और पापड़ आदि बच्चों को परोसे जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के लिए यह आयोजन अत्यंत प्रेरणादायक होगा और उन्हें सामाजिक, सांस्कृतिक,रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर भी मिलेगा। इसके साथ ही, बच्चों को प्रेरणादायक फिल्म भी दिखाई जाएगी, जिससे उनका उत्साह और भी बढ़ेगा। उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने सभी शिक्षकों और कर्मचारियों से अपील किया कि वे बच्चों को इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करें और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें ।

### लिट्टीपाड़ा में लगा विशेष पशु चिकित्सा शिविर

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)गुरुवार को प्रखंड के हेटबंधा गाँव में नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान के निर्देशित सूचकांक के अंतर्गत विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खुरपका-मुंहपका रोग की रोकथाम हेतु व्यापक टीकाकरण अभियान चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पशुपालक अपने मवेशियों को इलाज एवं टीकाकरण के लिए लेकर पहुंचे।शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि खुरपका-मुंहपका एक संक्रामक रोग है, जो पशुओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने सभी पशुपालकों से नियमित टीकाकरण कराने तथा पशुओं की समुचित देखभाल करने की अपील की।इस अवसर पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी अमित कुमार सुमन एवं टीम के टीकाकर्मियों द्वारा बड़ी संख्या में पशुओं का टीकाकरण किया गया। पशुपालकों को खुरपका-मुंहपका रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।शिविर के दौरान पशुओं को कृमिनाशक दवाएं एवं मल्टीविटामिन भी वितरित किए गए। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है।

### लघु सिंचाई गणना कार्य अधिकारिक तौर पर शुरू

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)लिट्टीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के काठालपाड़ा गांव में गुरुवार को लघु सिंचाई गणना का कार्य आधिकारिक तौर पर शुरू किया गया। यह अभियान कार्यपालक अभियंता प्रेम हांसदा के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य क्षेत्र के जल स्रोतों का सटीक डेटा तैयार करना है।?मौके पर मौजूद लघु सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता ऋषभ कुमार ने बताया कि इस गणना के तहत क्षेत्र में स्थित ?चेक डैम ,?तालाब व डोभा ?इन सभी जल संरचनाओं की जानकारी मोबाइल ऐप पर अपलोड की जा रही है। उन्होंने प्रगणकों को ऐप के उपयोग और गणना की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, ताकि डेटा संग्रहण में कोई त्रुटि न हो।?इस गणना कार्य के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार और सहायक अभियंता जमील अख्तर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस गणना से भविष्य में कृषि और सिंचाई योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।

### पंकज मिश्रा चैंबर व व्यापारियों के साथ बैठक करेंगे आज

साहिबगंज -ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, साहिबगंज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि 20 फरवरी शुक्रवार को नगर के चौक बाजार स्थित अग्रवाल महेश्वरी खंडेलवाल पंचायत भवन बड़ी धर्मशाला में दोपहर दो बजे साहिबगंज के व्यापारियों , चेंबर के पदाधिकारियों एवं शहर वासियों के साथ पंकज मिश्रा मिलकर साहिबगंज शहर के विकास के लिए एक चर्चा करेंगे.

### सुदूरवर्ती एवं दियारा इलाकों में सर्वे कराकर छूटे हुए गांव में जल्द हो विद्युतीकरण कार्य :एमटी राजा

साहिबगंज - झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान राजमहल विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती एवं दियारा क्षेत्र में ऊर्जा विभाग की ओर से त्वरित सर्वे कराकर विद्युतीकरण कराई जाने की मांग को तारांकित प्रश्न के माध्यम से राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सदन में उठाए है. उन्होंने सदन के माध्यम से ऊर्जा विभाग को कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी उज्जवला ज्योति योजना के तहत् विद्युतीकरण कार्य किया जा रहा है. लेकिन क्षेत्र से प्राप्त सूचना के अनुसार कई गांव में अब तक विद्युतीकरण कार्य शुरू नहीं हुआ है ऐसे में लोग बांस बल्ला लगाकर बिजली की तार को संचालित किए हैं. विभाग इस पर त्वरित पहल करें और छुटे हुए गांव का सर्वे कराकर जल्द विद्युत पोल लगाते हुए विद्युतीकरण कार्य करना सुनिश्चित करें. ऊर्जा विभाग ने विधायक के प्रश्न को संज्ञान में लेकर उत्तर देते हुए कहा है कि राजमहल विधानसभा के कुल 24 ग्राम और 16 टोला में विद्युतीकरण कार्य हुआ है और 8 टोला में कार्य जारी है.

# लोग आपको वोट क्यों दें?

**रामा कान्त मालवीय**

**वार्ड नंबर 27 से गीता यादव मैदान में, बोलीं—'सेवा, पारदर्शिता और विकास ही मेरी प्राथमिकता'**



देवघर। नगर निकाय चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 27 की वार्ड पार्षद प्रत्याशी गीता यादव ने जनता से समर्थन की अपील करते हुए अपने विजन और प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया। प्रस्तुत है उनसे बातचीत के प्रमुख अंश–

**सवाल : लोग आपको वोट क्यों दें?**
**जवाब :** मैं वार्ड नंबर 27 को स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित बनाना चाहती हूँ। वार्ड की मूलभूत समस्याएँ–सड़क, नाली, पेयजल, नियमित सफ़ाई और सुरक्षा–आज भी पूरी तरह हल नहीं हो पाई हैं। मैं इन सभी मुद्दों का ईमानदारी और प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के संकल्प के साथ चुनाव मैदान में उतरी हूँ।

**सवाल : आपका विकास का मॉडल क्या होगा?**
**जवाब :** मेरे लिए विकास केवल चुनावी वादा नहीं, बल्कि एक ज़िम्मेदारी है। जो कार्य वर्षों से लंबित हैं, उन्हें पूरा करना और नई योजनाओं को लागू करना मेरी प्राथमिकता होगी। मैं वार्ड को नई दिशा देने और अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ।

**सवाल : राजनीति में आपका उद्देश्य क्या है?**
**जवाब :** मुझे सत्ता या पद का कोई लालच नहीं है। मेरा उद्देश्य केवल सेवा, पारदर्शिता और वार्डवासियों के प्रति जवाबदेही है। मैं चाहती हूँ कि हर नागरिक को सम्मान और सुविधा मिले।
अंत में गीता यादव ने कहा कि वार्ड नंबर 27 के समग्र विकास के लिए जनता का समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

---

**1990 से जनसेवा मेरी प्रतिबद्धता - वार्ड 09 से सुरेंद्र ठाकुर ने रखा अपना विज़न**



**देवघर।** नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड संख्या 09 के वार्ड पार्षद प्रत्याशी सुरेंद्र ठाकुर से जब पूछा गया कि लोग उन्हें वोट क्यों दें, तो उन्होंने अपने लंबे जनसेवा अनुभव को ही अपनी सबसे बड़ी पूंजी बताया। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश–

**सवाल : लोग आपको वोट क्यों करें?**
**जवाब :** मैं वर्ष 1990 से अपने वार्ड की सेवा में निरंतर सक्रिय हूँ। पिछले तीन दशकों में मैंने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं–सड़क, नाली, पेयजल, सफाई और अन्य जनसुविधाओं–के समाधान के लिए लगातार कार्य किया है। जनता ने मेरे कार्यों पर भरोसा जताते हुए हर चुनाव में मुझे समर्थन दिया और विजयी बनाया।

**सवाल : आपकी राजनीति की प्राथमिकता क्या रही है?**
**जवाब :** मेरी प्राथमिकता सदैव जनसेवा रही है। मैं अपने क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में हमेशा उपस्थित रहता हूँ। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुँचाने का कार्य मैंने पूरी निष्ठा से किया है।

**सवाल : आगे की आपकी क्या योजना है?**
**जवाब :** मैं पूर्व में भी वार्ड पार्षद रह चुका हूँ। उस दौरान कई विकास कार्य कराए गए, लेकिन कुछ योजनाएँ अधूरी रह गईं। यदि जनता मुझे पुनः अवसर देती है तो मैं सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर वार्ड 09 के समग्र विकास को सुनिश्चित करूंगा।

# लोग आपको वोट क्यों दें?

**मिन्हाज राही**

**वार्ड नं 3 की तस्वीर बदलने को तैयार अफसरी परवीन; स्वास्थ्य और शिक्षा पर रहेगा जोर**



**नगर निकाय चुनाव :** वार्ड नंबर 3 से पार्षद पद की प्रत्याशी अफसरी परवीन ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान क्षेत्र के विकास का रोडमैप पेश किया है। अफसरी परवीन का मुख्य चुनावी एजेंडा स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण है।
क्षेत्र की जनता से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि वार्ड में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही, महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए वे विशेष कार्य योजना पर काम करेंगी।
स्थानीय निवासियों के बीच अफसरी परवीन को भारी समर्थन मिल रहा है। समर्थकों का मानना है कि एक शिक्षित और जागरूक महिला नेतृत्व से वार्ड में सकारात्मक बदलाव आएगा।

---

**वार्ड नं 6 के विकास का संकल्प : प्रेम कुमार मण्डल ने स्वास्थ्य और सफाई को बताया प्राथमिकता**



वार्ड नंबर 6 से पार्षद प्रत्याशी प्रेम कुमार मण्डल ने अपने सघन जनसंपर्क अभियान के जरिए क्षेत्र के विकास की नई अलख जगाई है। मण्डल ने स्पष्ट किया है कि उनका मुख्य उद्देश्य वार्ड को स्वच्छ, स्वस्थ और शिक्षित बनाना है। चुनावी चर्चा के दौरान उन्होंने कचरा प्रबंधन के लिए आधुनिक व्यवस्था लागू करने और वार्ड में ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने पर विशेष जोर दिया। प्रेम कुमार मण्डल ने कहा, ÷बेहतर स्वास्थ्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर नागरिक का अधिकार है, और मैं इसे धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध हूँ।

---

**वार्ड नं 15 का होगा आधुनिक कायाकल्प तकनीक और महिला सशक्तिकरण पर अंजली यादव का जोर**



वार्ड नंबर 15 से पार्षद प्रत्याशी अंजली यादव ने अपने चुनाव अभियान में स्मार्ट वार्ड की परिकल्पना पेश की है। उन्होंने नई तकनीक के इस्तेमाल से वार्ड की बुनियादी समस्याओं को सुलझाने का वादा किया है।
अंजली यादव की मुख्य प्राथमिकताओं में वाटर ड्रेनेज (जल निकासी) की समस्या का स्थायी समाधान करना शामिल है, ताकि बरसात के समय जलभराव से मुक्ति मिले। इसके अलावा, उन्होंने महिलाओं के लिए कौशल विकास केंद्र खोलने की बात कही है, जिससे क्षेत्र की महिलाएँ आत्मनिर्भर बन सकें।
अंजली यादव के विजनरी एजेंडे को युवाओं और महिलाओं के बीच जबरदस्त उत्साह के साथ देखा जा रहा है।

---

**वार्ड नं 15 के युवाओं और महिलाओं की नई उम्मीद : लीला देवी का रोजगार और तकनीक पर संकल्प**



वार्ड नंबर 15 से पार्षद प्रत्याशी लीला देवी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में युवाओं के रोजगार और आधुनिक तकनीक को सबसे ऊपर रखा है। उनका मानना है कि सही मार्गदर्शन और संसाधनों से वार्ड के युवाओं का भविष्य संवारा जा सकता है।
लीला देवी ने वादा किया है कि वे पार्षद बनने के बाद क्षेत्र में नई तकनीक आधारित प्रशिक्षण केंद्र खुलवाएंगी, जिससे स्थानीय युवाओं को सीधे रोजगार के अवसर मिल सकें। इसके साथ ही, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ठोस कदम उठाते हुए, वे महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के लिए विशेष योजनाओं को धरातल पर उतारेंगी।

# नगर आयुक्त ने प्रतिदिन 10 लाख रुपए टैक्स वसूली का दिया निर्देश

## सभी बड़े बकायेदारों को तत्काल नोटिस जारी कर वसूली प्रक्रिया करें तेज



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** नगर निगम कार्यालय के सभा कक्ष में नगर आयुक्त रोहित सिन्हा की अध्यक्षता में टैक्स वसूली को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान वसूली एजेंसी एसपीएस के प्रदर्शन पर गहरा असंतोष जताया गया। समीक्षा के दौरान सामने आया कि एजेंसी अब तक केवल 67 प्रतिशत टैक्स की ही वसूली कर सकी है, जिसे नगर आयुक्त ने लचर और अस्वीकार्य बताया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि राजस्व संग्रह में तेजी लाना अनिवार्य है। इसी क्रम में नगर आयुक्त ने प्रतिदिन 10 लाख रुपये टैक्स वसूली का सख्त लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने निर्देश दिया कि क्षेत्र के सभी बड़े बकायेदारों को तत्काल नोटिस जारी कर वसूली की प्रक्रिया तेज की जाए। साथ ही 5000 वर्ग फीट से अधिक क्षेत्रफल वाली संपत्तियों की सघन जांच के लिए एसपीएस और राजस्व निरीक्षकों को संयुक्त रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर आयुक्त ने कहा कि वास्तविक क्षेत्रफल के आधार पर टैक्स निर्धारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि राजस्व में किसी प्रकार की कमी न रहे। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि जिन संपत्तियों के होल्डिंग टैक्स से संबंधित स्व-मूल्यांकन प्रपत्र अब तक जमा नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्र भरवाया जाए। इसके लिए एसपीएस और राजस्व निरीक्षकों को समन्वय के साथ काम करने को कहा गया, ताकि अधिक से अधिक संपत्तियों को टैक्स के दायरे में लाया जा सके। नगर आयुक्त ने चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा के भीतर वसूली लक्ष्य पूरे नहीं होने की स्थिति में संबंधित एजेंसी के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सहायक नगर आयुक्त, नगर मिशन प्रबंधक, निगम के सहायक, राजस्व निरीक्षक तथा एसपीएस की टीम मौजूद रही।

# सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने चुनावी तैयारियों और संगठनात्मक गतिविधियों पर की चर्चा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** नगर निगम चुनाव के मद्देनजर भाजपा समर्थित मेयर पद की उम्मीदवार रीता चौरसिया के आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और चुनाव से जुड़ी तैयारियों पर अपने विचार रखे।
इस दौरान आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद ने देवघर मेयर पद की उम्मीदवार रीता चौरसिया के वार्ड पार्षद के रूप में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान नगर क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य किए गए और उनके अनुसार उस अवधि में उनके खिलाफ किसी प्रकार के आरोप सामने नहीं आए। सांसद ने कार्यकर्ताओं से चुनावी प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं से संवाद बनाए रखने, स्थानीय समस्याओं को समझने और शांतिपूर्ण ढंग से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की। बैठक में नगर निगम चुनाव को लेकर संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी से जुड़े स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देवघर से निकली श्री श्याम निशान शोभा यात्रा खाटू धाम के लिए 30 भक्तों का जत्था रवाना



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** फागुन माह के पावन अवसर पर श्री श्याम कीर्तन मंडल, कास्टर टाउन देवघर की ओर से भव्य श्याम निशान शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा बजरंगी चौक, धोबी टोला, बड़ा बाजार, आजाद चौक, एसबी राय रोड होते हुए टावर चौक से बैद्यनाथ धाम रेलवे स्टेशन स्थित श्री हनुमान मंदिर तक पहुंची। पूरे मार्ग में लहराते श्याम निशान, ढप की थाप, मंजीरा की झंकार और भजनों की मधुर धुनों से वातावरण श्याममय हो गया। बड़ी संख्या में श्याम भक्त एवं शहरवासी झूमते-नाचते शोभा यात्रा में शामिल हुए।
फागुन शुक्ल पक्ष की प्रथम तिथि से राजस्थान के खाटू धाम में लगने वाले विशाल मेले में शामिल होने के लिए देवघर से लगभग 30 भक्तों का जत्था जसीडीह स्टेशन से अनन्या एक्सप्रेस द्वारा रवाना हुआ। स्टेशन परिसर में भी भक्तों ने भजन-कीर्तन कर भक्ति का माहौल बना दिया। खाटू जाने वाले भक्तों में अभिषेक सिंघानिया, सुनील अग्रवाल, रोहित सुल्तानिया, संजय अग्रवाल, गोल्डी जैन, चेतन हिंसरिया, राजेश सुल्तानिया, राजेश गुप्ता, प्रकाश अग्रवाल सहित कई श्रद्धालु शामिल हैं।

## आसनसोल मंडल ने किया ट्रैक नवीनीकरण कार्य प्रारंभ

**मधुपुर/आसनसोल।** पूर्व रेलवे के अंतर्गत आने वाले आसनसोल मंडल ने रेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने और ट्रेन परिचालन की संरक्षा को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से मंडल भर में व्यापक ट्रैक नवीनीकरण कार्य प्रारंभ किया है। यह अभियान सुनियोजित रणनीति के तहत चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को न्यूनतम असुविधा हो और ट्रेन सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रहें। आधुनिक मशीनों से हुआ ट्रैक नवीनीकरण रेलवे अधिकारियों के अनुसार ट्रैक नवीनीकरण रेलवे की एक महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से ट्रैक ज्योमेट्री को संतुलित रखा जाता है और ट्रेनों की सुरक्षित व सुगम आवाजाही सुनिश्चित की जाती है।

# देवघर से 50 लीटर अवैध शराब जब्त, जावा महुआ नष्ट



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** नगर निगम चुनाव 2026 को देखते हुए अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसने के लिए उत्पाद विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। अधीक्षक उत्पाद, देवघर के निर्देश पर चलाए गए विशेष छापामारी अभियान के तहत देवघर थाना क्षेत्र के बरमसिया, खरवारी और सिंघवा गांवों में कार्रवाई की गई। इस अभियान में सदर थाना देवघर का सहयोग भी लिया गया। छापेमारी के दौरान टीम ने मौके पर करीब 250 किलोग्राम जावा महुआ को विनष्ट किया। इसके साथ ही 50 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। कार्रवाई के समय शराब कारोबार से जुड़े दो लोग मौके से फरार हो गए, जिनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
उत्पाद विभाग की टीम ने बताया कि चुनावी माहौल में अवैध शराब का कारोबार न केवल कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी नुकसानदेह है। इसी कारण ग्रामीण इलाकों में लगातार निगरानी रखी जा रही है और सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

# रेलवे ट्रैक से मिली युवती की लाश

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर।** आसनसोल-झाझा मुख्य रेलखंड पर गुरुवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। मधुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लालगढ़ के समीप, मधुपुर और जोड़ामो स्टेशन के बीच पोल संख्या 291/18-16 के पास रेलवे ट्रैक से करीब करीब 17 वर्षीय अज्ञात युवती का शव बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक पर महिला का शव देख तत्काल इसकी सूचना मधुपुर पुलिस एवं आरपीएफ को दी। सूचना मिलते ही मधुपुर थाना की पुलिस टीम एवं आरपीएफ के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। बताया जाता है कि शव ट्रैक के किनारे संदिग्ध अवस्था में पड़ा था। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। मौके पर आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर श्याम सुंदर कुमार तथा मधुपुर थाना के एएसआई शशी राय उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन छानबीन की जा रही है। यह आत्महत्या, दुर्घटना या किसी अन्य कारण से हुई घटना है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है तथा महिला की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही रेलवे ट्रैक के आसपास के संभावित सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को उक्त महिला के संबंध में कोई जानकारी हो तो वे तत्काल मधुपुर थाना से संपर्क करें।

# जनता दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़, त्वरित समाधान पर जोर



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** जिलावासियों की समस्याओं के समाधान और उनके त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार की अध्यक्षता अपर समाहर्ता हीरा कुमार ने की। कार्यक्रम में जिला स्तर के सभी विभागों के अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे, ताकि लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा सके। जनता दरबार में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। इनमें भू-अर्जन और मुआवजा भुगतान, झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, अंचल कार्यालय और थाना से जुड़े मामले प्रमुख रूप से शामिल रहे। अपर समाहर्ता ने एक-एक कर सभी फरियादियों की बातें सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि प्राप्त शिकायतों की जांच कर जल्द समाधान किया जाएगा। जनता दरबार के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कई आवेदन शिकायत के रूप में प्राप्त हुए। सभी शिकायतों को सुनने के बाद अपर समाहर्ता ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आवेदनों की भौतिक जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी कहा गया कि सभी मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के भीतर अपनी प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को सौंपें, ताकि शिकायतों के निष्पादन की प्रभावी निगरानी की जा सके।

# एम्स देवघर के प्रो. डॉ. राजेश कुमार को मिला एफआईएसीपी फेलोशिप सम्मान



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) देवघर के मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार को चिकित्सा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'एफआईएसीपी' (इंडियन कॉलेज ऑफ फिजीशियंस की फेलोशिप) सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें पटना में आयोजित 'एपीआई' (एसोसिएशन ऑफ फिजीशियंस ऑफ इंडिया) के वर्ष 2026 के वार्षिक सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। एफआईएसीपी फेलोशिप चिकित्सा जगत के अत्यंत प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक है। यह सम्मान उन चिकित्सकों को दिया जाता है, जिन्होंने चिकित्सा सेवा, अध्यापन, शोध कार्य तथा रोगियों की समर्पित देखभाल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया हो।
यह सम्मान चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्टता, समर्पण और पेशेवर उपलब्धियों का प्रतीक माना जाता है। इस उपलब्धि पर प्रो. डॉ. राजेश कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान संस्थान, सहकर्मियों और विद्यार्थियों के सहयोग का परिणाम है।

## बाबा बलियासे ने चलाया आशीर्वाद यात्रा



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** नगर निगम चुनाव में अब राजनीतिक गतिविधियाँ तेज़ हो गई हैं। मेयर पद के उम्मीदवार नागेंद्र नाथ बलियासे उर्फ बाबा बलियासे की निकली आशीर्वाद यात्रा ने चुनावी माहौल को नया रंग दे दिया। सुबह से ही समर्थकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जैसे ही काफिला कृष्णापुरी, रेडरोज गली और कल्याणपुर से जटाही मोड़ होते हुए गीधनी की ओर बढ़ा, ढोल-नगाड़ों और नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। ÷विकास का संकल्प, नगर का विकल्प के नारों के बीच बाबा बलियासे ने लोगों से सीधा संवाद किया। जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर अपना समर्थन जताया। यात्रा में युवाओं और महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। इस दौरान उन्होंने पेयजल, जलनिकासी, सड़क और स्वच्छता जैसी मूल समस्याओं के स्थायी समाधान का भरोसा दिलाया।

## दरक्शां परवीन ने तेज किया जनसंपर्क



**मधुपुर।** मधुपुर नगर निकाय चुनाव 2026 जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे चुनावी सरगर्मी तेज होती जा रही है। सभी प्रत्याशी अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान को धार दे रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को मधुपुर नगर परिषद अध्यक्ष पद की प्रत्याशी दरक्शां परवीन ने शहर के विभिन्न वार्डों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के दौरान दरक्शां परवीन ने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और नगर क्षेत्र के समग्र विकास का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें सेवा का अवसर देती है तो नगर परिषद क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए रोजगार उन्मुख योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नगर के पिछड़े वार्डों में विशेष विकास कार्य किए जाएंगे ताकि हर मोहल्ले में समान रूप से सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। हमारा लक्ष्य है एक स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित मधुपुर का निर्माण।

## मिति कुमारी के लिए भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत



**मधुपुर।** अध्यक्ष पद की भाजपा समर्थित उम्मीदवार मिति कुमारी ने अपने चुनाव प्रचार के अंतिम चरणों में पूरी ताकत झोंक दी है। वार्ड-वार्ड घूमकर और जनसभाओं के माध्यम से उन्होंने अपनी विकासवादी सोच को जनता के सामने रखा। मिति कुमारी के समर्थन में भाजपा के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं की भारी फौज सड़क पर उतरी है, जिससे चुनाव का माहौल पूरी तरह उनके पक्ष में नजर आ रहा है। प्रचार के दौरान उन्होंने बुनियादी ढांचा, सुशासन और जन-सुविधाओं में सुधार का वादा किया। समर्थकों के भारी उत्साह और घर-घर दस्तक अभियान ने विरोधियों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। मिति कुमारी ने कहा, जनता का प्यार और भाजपा का मार्गदर्शन ही मेरी असली शक्ति है, और मैं सेवा के लिए पूरी तरह तैयार हूँ।

## मैं नहीं वार्ड 22 की जनता लड़ रही है चुनाव : ज्योति



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** देवघर नगर निगम चुनाव जैसे जैसे नजदीक आता जा रहा है, वैसे में सभी प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में पूरी ताकत लगा दी है। वार्ड 22 में इस बार दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में है,जिसमें अपने वार्ड का दौरा कर रही ज्योति झा ने बताया कि अपने वार्ड के सभी परिवार सभी मतदाता सभी जनता से मिल रही हूँ और मुझे ऐसा लग ही नहीं रहा कि चुनाव मैं लड़ रही हूँ। मुझे जो समर्थन और प्यार मिल रहा है उसे देखकर मैं यह कह सकती हूँ कि यह चुनाव मैं नहीं बल्कि संपूर्ण वार्ड 22 की जनता लड़ रही है। मैं बस एक माध्यम हूँ। आगे उन्होंने कहा की वार्ड की जो समस्या है उस समस्या को मैं नोट भी करती जा रही हूँ और उसके समाधान करना मेरा दायित्व होगा। झा ने कहा कि नगर निगम के साथ-साथ जिला प्रशासन व राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर वार्ड के विकास में लगी रहूंगी। प्रत्याशी ज्योति झा के साथ पूर्व प्रत्याशी सुरेशानंद झा, अधिवक्ता निरंजन मंडल, जयप्रकाश शर्मा, संजीव झा, रविन्द्र शृंगारी, अधिवक्ता शमशेर सिंह, अनुरागी पंडित, मुकेश सिंह, रामकृष्ण झा, नवीन झा, चिंटू रवानी, रवि शर्मा, गौतम सिंह, सतीश शर्मा, मनोज मंडल, कुमोद मंडल, प्रीतम कुमार ,कोमल देवी ,अमित झा संचित,चंदन, कौशल, प्रशांत, संदीप ,रवि, झलबल , अरविंद, आदि थे।

## मधुपुर में दो जुड़वा भाइयों ने रखा पहला रोजा



मधुपुर- पवित्र माह रमजान की शुरुआत के साथ ही मधुपुर शहर में इबादत और रूहानी माहौल देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में शहर के दो जुड़वा भाइ ने रमजान मुबारक का पहला रोजा रखकर अल्लाह की बारगाह में पूरे झारखंड समेत हिंदुस्तान में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ मांगी। पहला रोजा रखने वाले दोनों भाइयों में बड़े का नाम मोहम्मद मजहर मुस्तफा तथा छोटे का नाम मोबस्सीर मुस्तफा है। दोनों बच्चों ने पूरे उत्साह और अकीदत के साथ सहरी की और दिनभर सब्र के साथ रोजा रखकर शाम को इफ्तार किया।

# लोग आपको वोट क्यों दें?

**वार्ड 36 की स्थिति और मुद्दों पर प्रत्याशी कार्तिक प्रसाद यादव से बातचीत**



**देवघर।** नगर निगम चुनाव के तहत वार्ड संख्या 36 से पार्षद पद के प्रत्याशी कार्तिक प्रसाद यादव ने वार्ड की वर्तमान स्थिति, मतदाता संख्या और स्थानीय समस्याओं को लेकर बातचीत की। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश।

**प्रश्न : वार्ड 36 की मौजूदा स्थिति को आप किस रूप में देखते हैं?**
**जवाब :** वार्ड के कुछ मोहल्लों में सुविधाएं अपेक्षाकृत बेहतर हैं, लेकिन कई स्थानों पर अभी भी सड़क, नाली और साफ-सफाई जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। संतुलित विकास की आवश्यकता है।

**प्रश्न : आपके अनुसार वार्ड की प्रमुख समस्याएं क्या हैं?**
**जवाब :** लोगों से बातचीत के दौरान साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, नाली, सड़क और बिजली से जुड़ी समस्याएं सामने आती हैं। ये सभी रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी बुनियादी जरूरतें हैं।

**प्रश्न : अब तक आप किस तरह की गतिविधियों से जुड़े रहे हैं?**
**जवाब :** मैं लंबे समय से क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों से जुड़ा रहा हूं। इसके साथ ही मैं एक बार पहले भी वार्ड पार्षद के रूप में जिम्मेदारी निभा चुका हूं, जिससे वार्ड की समस्याओं और प्रशासनिक प्रक्रिया का अनुभव रहा है।

**प्रश्न : निर्वाचित होने की स्थिति में आपकी प्राथमिकताएं क्या होंगी?**
**जवाब :** प्राथमिकता यही रहेगी कि वार्ड की बुनियादी समस्याओं को क्रमवार तरीके से उठाया जाए और उनके समाधान की दिशा में काम किया जाए। विकास कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखना जरूरी होगा।

**प्रश्न : नागरिकों की शिकायतों लेकर आपकी क्या सोच है?**
**जवाब :** शिकायतों को समय पर सुनना और समाधान के लिए संबंधित स्तर तक पहुंचाना जरूरी है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर संवाद की व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर रहेगा।

**नोट : यह बातचीत वार्ड संख्या 36 की प्रत्याशी से की गई विशेष बातचीत पर आधारित है। चुनावी आचार संहिता के तहत सभी प्रत्याशियों को समान अवसर उपलब्ध है।**

## जनता क्यों चुनें आपको अपना प्रतिनिधि



1.उम्मीदवार का नाम - नीरज कुमार जैन
2.क्षेत्र - नगर निकाय बरहड़वा वार्ड सं.03
3.सीट- समान्य 4.प्रत्याशी परिचय -
नीरज जैन पत्रकार है साथ ही सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहते है.
5.सवाल-वार्ड की मुख्य समस्या एवं 100 दिनों का प्लान.
जबाब - किसी भी क्षेत्र का आइना बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन होता है और सर्व प्रथम आइने पर चढ़े धूल को साफ करना. उसके बाद विधार्थियों और धातृ व प्रथम शिशु जन्म देने वाली महिलाओं को मिलने वाली राशि के साथ शिशु जन्म प्रमाण पत्र सुलभता से मुहैया कराना. नालियों की समुचित निकासी, पेयजल आपूर्ति वैगरह.
6.सवाल- भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी पर कैसे लगाम लगाएंगे.
जबाब- जब अपनी चाह न होगी तो स्वतः लग जाएंगी कमीशन खोरी पर लगाम. न खाउंगा और न खाने दूंगा.
7.सवाल- गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है.
जबाब - स्थायी बस, टोटो स्टैंड व स्टैंड के आस-पास ठेला की व्यवस्था व ई रिक्शा लोगो को उपलब्ध हो इसके लिए समुचित कदम
8.सवाल- जनता की सीधी भागीदारी कैसे सुनिश्चित करेंगे या सिर्फ चुनाव तक ही रिश्ते रहेंगे.
जबाब- मजबूत ईच्छा शक्ति से एक पार्षद के तहत् भागीदारी सुनिश्चित होगी.

## जनता क्यों चुनें आपको अपना प्रतिनिधि



1.उम्मीदवार का नाम - वसुंधरा देवी
2.क्षेत्र - साहिबगंज नगर परिषद वार्ड नंबर 04
3.सीट- एससी
4.प्रत्याशी परिचय- वसुंधरा देवी, पति विक्रम दास रसूलपुर दहला, इंटर पास (पूर्व वार्ड पार्षद)
5.सवाल-वार्ड की मुख्य समस्या एवं 100 दिनों का प्लान.
जबाब - सोलर लाइट नहीं लगा है. डिजिटल लाइब्रेरी नहीं है.पूर्व में वार्ड पार्षद रही हूं, जो छुटे हुए अधूरे विकास कार्य बचा हुआ है इस कार्यकाल में उन सभी को पूरा करूंगी.नल जल योजना के तहत् हर घर में पानी कनेक्शन करवाना है. नीचे खेत तरफ पानी निकासी के लिए नाली निर्माण कराएंगे. जो भी बचे हुए या नए लाभुक है. उसको सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है. छात्रों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी बनवाना है. खासमहाल भूमि में बंद पड़े प्रधानमंत्री आवास योजना को चालू कराने का पहल करते आए है और आगे भी करते रहेंगे. प्रत्येक गली में सोलर लाइट लगाने के लिए डीसी को पत्र लिखकर सोलर लाइट लगवाएंगे.
6.सवाल- भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी पर कैसे लगाम लगाएंगे.
जबाब- बोर्ड की बैठक में ये मामला उठाकर इसको खत्म करेंगे. जनता से किसी भी कार्य के लिए एक रुपया भी कोई कर्मी नहीं लेगा और समय पर सभी का कार्य बिना लेन देन के हो. जो भी भ्रष्टाचार, पैसा का लेन देन या कमीशन का बात करेगा उस पर कार्रवाई होगी.
7.सवाल- गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है.
जबाब - गरीबों का कल्याण हमारी पहली प्राथमिक है. मै खुद गरीब साधारण परिवार से हुं, वार्ड में जिस गरीब परिवार का राशन कार्ड अब तक नहीं बन पाया है उन परिवार का राशन कार्ड बनवाकर समय पर राशन मुहैया कराना, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ त्वरित दिलाना. गरीबों का पक्का आवास बने इसके लिए प्रयास करती रहूंगी. गरीबों के लिए मै हमेशा निस्वार्थ भाव से खड़ी रहती हूं.
8.सवाल- जनता की सीधी भागीदारी कैसे सुनिश्चित करेंगे या सिर्फ चुनाव तक ही रिश्ते रहेंगे.
जबाब- सुबह उठने और रात को सोने से पहले वार्ड के बड़े छोटे सबके साथ हंसी खुशी बोलचाल रहना उठना बैठना करते है. हमलोग मिलजुल कर सुख दुःख में खड़ा रहते है. चुनाव आज आया है, चुनाव से पहले और चुनाव के बाद भी हमारा रिश्ता सबके साथ पहले के जैसा दोस्ताना ही रहेगा.

### जनता क्यों चुनें आपको अपना प्रतिनिधि



1.उम्मीदवार का नाम - सत्य प्रकाश सिन्हा
2.क्षेत्र- साहिबगंज नगर परिषद वार्ड नम्बर- 9
3.सीट- ओबीसी 2
4.प्रत्याशी परिचय-
सत्य प्रकाश सिन्हा 20 वर्षो से लगातार समाजिक क्षेत्र मे कार्य कर रहा हुं. समाजसेवा मेरा सपना है.समाज के अंतिम पंक्ति मे बैठे व्यक्ती कैसे समाज कि मुख्यधारा मे शामिल हो यही मेरा प्रयास है. हा कम वहा हम कि भुमिका मे रहकर जीवन के अंतिम समय तक कार्य करने का दावा कर रही है.5.सवाल-वार्ड की मुख्य समस्या एवं 100 दिनों का प्लान
जबाब - फुटपाथ ,पेयजल, सफाई व्यवस्था, लाईट, सड़क, बिजली की समस्या है.चुनाव जितने के बाद वार्ड की सफाई व प्रयाप्त रौशनी की व्यवस्था जल्द से जल्द करने एवं लोगो की समस्याओं का सामाधान करना पहली प्राथमिकता होगी.
6.**सवाल-** भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी पर कैसे लगाम लगाएंगे
जबाब- भ्रष्टाचारी रहेगा या मै यही हमारी कार्यशैली है. जीरो टालरेंस कि नीति हमारी प्राथमिकी होगी.
**7.सवाल**- गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है.
जबाब - समाज के अंतिम पंक्ति मे बैठे लोगो तक विकास कि किरण पहुंचे यही हमारा संकल्प. 24/7 जनता के लिए उपलब्ध रहूंगा.
**8.सवाल**- जनता की सीधी भागीदारी कैसे सुनिश्चित करेंगे या सिर्फ चुनाव तक ही रिश्ते रहेंगे
**जबाब-** सुख मे साथ रहू ना रहू दुख मे हमेशा रहूंगा साथ ये हमारा वचन है.

### जनता क्यों चुनें आपको अपना प्रतिनिधि



1.उम्मीदवार का नाम - वर्षा कुमारी
2.क्षेत्र - वार्ड संख्या 19
3.सीट- जनरल महिला
4.प्रत्याशी परिचय- वर्षा कुमारी एक शिक्षित मेडिकल क्षेत्र में कार्य कर चुकी उमा अमृता फाउंडेशन की डायरेक्टर है तथा रक्तदान में भी हमेशा आगे रहती है एवं उमा अमृता फाउंडेशन के संस्थापक प्रशांत शेखर की धर्मपत्नी है जिनका जन्म महादेव गंज में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ .इनके पिताजी जो एक छोटा सा किराने का दुकान चलाते हैं.
**5.सवाल**-वार्ड की मुख्य समस्या एवं 100 दिनों का प्लान.
**जबाब** - वार्ड संख्या 19 वैसे तो शहरी इलाका है परंतु गडरिया इस वार्ड का एक हिस्सा है.जहां पर अगर किसी की मृत्यु हो जाए तो डेड बॉडी ले जाने का रास्ता नहीं है. एंबुलेंस घुस नहीं सकता यह एक ऐसा जगह है जो पूरे इराक से कटा हुआ है पानी की निकासी का स्रोत नहीं है थोड़ी सी वर्ष में पूरा पानी जम जाता है. कितने वर्षों से नाला की सफाई नहीं हुई, पक्की सड़क नहीं है, गंदगी फेरी हुई है.
**7.सवाल**- गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है.
जबाब - सरकार की जितनी भी योजनाएं चल रही है. चाहे वह केंद्र सरकार की हो या राज्य सरकार की. सभी योजनाओं का लाभ मेरे वार्ड की जनता तक पहुंचे इसके लिए मैं 24 घंटे काम करूंगी. युवा महिला बुजुर्ग इन सभी को सभी योजनाओं का फायदा पहुंच सके इसके हेतु हमेशा कार्यरत रहूंगी. देखा जाता है की बहुत सारी योजनाओं का जानकारी आम जनता तक नहीं होता इसके हेतु टीम बनाकर कार्य करना है.
8.सवाल- जनता की सीधी भागीदारी कैसे सुनिश्चित करेंगे या सिर्फ चुनाव तक ही रिश्ते रहेंगे.
जबाब- जीतने के बाद सबसे पहले वार्ड कमेटी का गठन किया जाएगा और वार्ड में ऑफिस भी खोला जाएगा. हर रविवार को वार्ड भ्रमण कर जनता की समस्याओं को भी सुना जाएंगा और जो भी काम किए जाएंगे जनता के साथ मिलकर मेरी वार्ड की जो भी समस्याएं होगी उसके लिए जहां भी आवाज उठाना हो उठाऊंगी.

## प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



साहिबगंज- नगर निकाय चुनाव को लेकर सभी प्रत्याशी चुनावी मैदान में पसीना बहा रहे है.नगर परिषद साहिबगंज से वार्ड नंबर 11 से पार्षद पद के प्रत्याशी रंजीत प्रसाद साह उर्फ डोमा साह ने गुरुवार को वार्ड क्षेत्र में अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाते हुए सभी मतदाताओं से आशीर्वाद लिया. उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ वार्ड क्षेत्र के लोगों को दिलाने का भरोसा दिया. वही उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 11 का अधिकांश हिस्सा बाढ़ ग्रसित क्षेत्र है.

## निर्वाचन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने पर किया मंथन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 के सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने हेतु गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज की अध्यक्षता में नगर परिषद साहिबगंज अंतर्गत सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई.बैठक में निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई तथा विधि-व्यवस्था संधारण, मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, संवेदनशील स्थलों की पहचान, सुरक्षा व्यवस्था, फ्लाइंग स्क्वॉड एवं स्टैटिक सर्विलांस टीम की सक्रियता सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई.अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सतर्कता एवं जवाबदेही के साथ दायित्व निर्वहन करने का निर्देश दिया. ताकि निर्वाचन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न हो सके.जिला प्रशासन साहिबगंज द्वारा सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे लोकतांत्रिक पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने में प्रशासन का सहयोग करें.

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - अनुमंडल कार्यालय साहिबगंज के सभागार में आगामी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की तैयारियों की समीक्षा हेतु निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 02-बोरियो (अ0ज0जा0) विधानसभा -सह- अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अमर जॉन आईन्द की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई.बैठक में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी एवं बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित रहे. बैठक के दौरान मतदाता सूची से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई. जिसमें धुंधली/त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों का निराकरण, दस्तावेज सत्यापन की स्थिति, मतदाताओं का मैपिंग, प्रपत्रों का निष्पादन, एएसडी सूची की तैयारी तथा श्रेणी ए, सी एवं डी के अंतर्गत मैप किए गए मतदाताओं की प्रगति शामिल रही.अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने पारदर्शिता, सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करने पर बल देते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है.

## सघन वाहन जांच अभियान चला

बोरियो- बोरियों थाना पुलिस ने गुरुवार को अधीक्षक अमित कुमार सिंह के निर्देश के आलोक में बोरियो थाना गेट के समीप क्राइम कंट्रोल व सड़क सुरक्षा के मद्देनजर गुरुवार को संघन वाहन जांच अभियान चलाया. वाहन जांच अभियान के दौरान बाइक चालक की हेलमेट, लाइसेंस, इंसोरेंस व जरूरी कागजात कि जांच कि गई. वही बिना हेलमेट के परिचालन करने वाले दर्जनों बाइक सवार को जुर्माना किया गया.

## सड़क चौड़ीकरण कार्य के विरोध में ग्रामीणों ने जमीन पर लगाया लाल झंडी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता
बोरियो- बोरियों प्रखंड अंतर्गत पथरा गांव में गुरुवार को सड़क चौड़ीकरण कार्य के विरोध में रैयतों ने अपने भूमि पर लाल झंडी लगाया. विरोध प्रदर्शन में आधा दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीण शामिल हुए. ग्राम प्रधान नरसिंह मरांडी के नेतृत्व में रैयतों ने अपनी-अपनी भूमि पर लाल झंडी लगाया. नरसिंह मरांडी ने बताया कि जिरुल से करमाटांड़ मोहनपुर तक सड़क चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पूर्ण निर्माण की स्वीकृति मिली है. सड़क के चौड़ीकरण होने से खेती योग्य जमीन सड़क चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहण किया जाना है. जिससे जिरुल, पथरा, लीलाटांड़, डाहरलंगी, कहरगोडा, चपलगोडा, चालधोवा, जेटके कुम्हरजोरी, सरायबिंधा, रामपुर, कामोगोडा एवं करमाटांड़ मौजा के जमाबंदी रैयत भूमिहीन हो जाएंगे. उन्होंने कहा कि हम आदिवासी अपनी खेती योग्य जमीन किसी भी हाल में नही देंगे. पूर्व में बनी ग्रामीण सड़क पर ही मजबूतीकरण और पुर्ननिर्माण का कार्य करे. उन्होंने बताया कि ग्राम सभा के बगैर सड़क निर्माण एवं जमीन अधिग्रहण करने की प्रक्रिया की जा रही है. जो पूरी तरह से गैर संवैधानिक है. मौके छोटो सोरेन, इग्नेशियस मुर्मू, होपना हेम्ब्रम, जेठा सोरेन, स्टीफन मुर्मू, तालू सोरेन, लाला तुरी, होपना सोरेन, मानवेल किस्कु, रतन मरांडी, चोनाराम बेसरा, चंद्राय टुडू, अल्फ्रेड मुर्मू सहित अन्य सैकड़ो मौजूद थे.

## श्री राम कथा को लेकर महिलाओं ने निकाली कलश शोभायात्रा



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज-जिले के तालझारी रेलवे स्टेशन के समीप पूर्वी टोला में श्रीश्री 108 श्री राम कथा का शुभारंभ गुरुवार को तालझारी समिति के द्वारा किया गया.श्रीराम कथा को लेकर 501 महिलाओं एवं कुंवारी कन्याओं ने गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली.कलश शोभायात्रा का शुभारंभ राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी,तालझारी थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर व फीता काट कर किया. कलश शोभायात्रा मंगलहाट नमामि गंगा घाट से जल भर कर इंग्लिश, संग्रामपुर, मखानी, लालमाटी, बेलदारचक, तालझारी होते हुए कथा स्थल पहुंची. तालझारी स्टेशन के पूर्वी टोला में आयोजित पांच दिवसीय श्री राम कथा में आये मुख्य अतिथि राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, तालझारी थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे व कथा वाचिका देवी राज नंदनी तिवारी को समिति की ओर से अंगवस्त्र देकर स्वागत किया. वहीं संध्या छह बजे से दस बजे तक कथा वाचिका देवी राज नंदनी तिवारी के मुखारविंद से श्री राम कथा की शुरुआत की.

## बोरियों में मामा घर से युवती का शव बरामद



संताल एक्सप्रेस संवाददाता बोरियो-बोरियों थाना क्षेत्र के खिजुरिया गांव के एक घर से पुलिस ने एक युवती का शव बरामद किया है. पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया है. लोग अंदेशा जता रहे है कि युवती की हत्या गला घोंट कर किया गया है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कदमा गांव की रहने वाली 22 वर्षीय युवती बाहा मुर्मू अपने मामा सकल मरांडी के घर खिजुरिया गयी थी. उसके मामा घर के अंदर से पुलिस ने युवती का शव बरामद किया है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक युवती बाहर काम करती थी. कुछ दिन पूर्व ही घर लौटी है. युवती शादी शुदा है. हत्या से पहले युवती को एक व्यक्ति के साथ देखा गया है. व्यक्ति बिहार के बांका जिला का बताया जा रहा है. दोनों दिल्ली में एक साथ काम करता था. फिलहाल घटना के बाद उक्त व्यक्ति फरार है. इधर थाना प्रभारी रोहित कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर सभी बिंदुओं पर जांच कर दिया. उन्होंने बताया कि हत्यारोपी के गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है. जल्द ही हत्यारोपी पुलिस गिरफ्त में होगा.

## जनता क्यों चुनें आपको अपना प्रतिनिधि



1.उम्मीदवार का नाम - स्नेहलता देवी
2.क्षेत्र -वार्ड 19
3.सीट-महिला
4.प्रत्याशी परिचय- पूर्व में स्वयं एक बार वार्ड पार्षद रही है. पति त्रिलोचन साह एक बार वार्ड पार्षद रहे है. सामाजिक कार्यकर्ता.संपूर्ण परिवार सामाजिक गतिविधियों में शामिल रहता है.
5.सवाल-वार्ड की मुख्य समस्या एवं 100 दिनों का प्लान.
जबाब - सबसे पहले जल जमाव की समस्या का निदान करने, प्रमुख तीन सड़कों का निर्माण करने,सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन और बच्चों के स्पॉन्सरशिप योजना पर काम करने कि वादा कर रही है.
6.सवाल- भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी पर कैसे लगाम लगाएंगे.
जबाब- पहले भी 10 वर्षो तक भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाया एक रूपया का शिकायत कोई नहीं कर सकता. आगे भी किसी भी योजना में पूरी पारदर्शिता रखी जाएगी.
7.सवाल- गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है.
जबाब - आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बच्चों के स्पॉन्सरशिप. कपड़े कंबल वितरण,राशन वितरण सही से हो सके.और समाज की अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना.
8.सवाल- जनता की सीधी भागीदारी कैसे सुनिश्चित करेंगे या सिर्फ चुनाव तक ही रिश्ते रहेंगे.
जबाब- 365 दिन जनता के बीच रहते हैं और सदैव बने रहेंगे. जनता मेरे पास नहीं मैं जनता के पास सीधे जाती हूं.



## कार्यालय मोटरयान निरीक्षक दुमका

पत्रांक.– 317 दिनांक– 18.02.2026

### सूचना।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दुमका जिला परिवहन कार्यालय में पंजीकृत वैसे वाहन जिनका दुरूस्ती प्रमाण पत्र तथा पथकर की वैधता कालबाधित हो चूकी हैं, तथा **ऑडिट आपत्ति में सूचीबद्व है,** का असुरक्षित रूप से अवैध प्रयोग की निम्न सूची में अंकित वाहन के **ऑडिट आपत्ति** के फलस्वरूप प्रदर्शित हो रहे हैं। इन वाहनों के परिचालन से राजस्व की क्षति हो रही है। **मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 56 के अनुसारकोई भी परिवहन वाहन वैध फिटनेस प्रमाणपत्र (CF) के बिना वैध निबंधन प्रमाणपत्र (RC) का धारक नहीं माना जाएगा।** वाहनों की सूची इस प्रकार है–

| Sl No | REGN_NO | Three Wheeler | FIT_UPTO | Sl No | REGN_NO | Three Wheeler | FIT_UPTO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH04Y4195 | 3WT | 29-11-2037 | 47 | JH04Y8076 | 3WT | 29-11-2024 |
| 2 | JH04Y5710 | 3WT | 15-09-2037 | 48 | JH04Y8083 | 3WT | 15-09-2024 |
| 3 | JH04W4880 | 3WT | 04-07-2036 | 49 | JH04Y8084 | 3WT | 04-07-2023 |
| 4 | JH04W9506 | 3WT | 04-07-2036 | 50 | JH04Y8114 | 3WT | 04-07-2023 |
| 5 | JH04W9599 | 3WT | 04-07-2036 | 51 | JH04Y8349 | 3WT | 04-07-2023 |
| 6 | JH04X2868 | 3WT | 24-02-2037 | 52 | JH04Y8712 | 3WT | 24-02-2024 |
| 7 | JH04W4495 | 3WT | 22-07-2036 | 53 | JH04Y8935 | 3WT | 22-07-2023 |
| 8 | JH04W9891 | 3WT | 22-07-2036 | 54 | JH04Y9159 | 3WT | 22-07-2023 |
| 9 | JH04X0452 | 3WT | 28-05-2037 | 55 | JH04Y9197 | 3WT | 28-05-2024 |
| 10 | JH04X0604 | 3WT | 23-05-2037 | 56 | JH04Y9255 | 3WT | 23-05-2024 |
| 11 | JH04X0972 | 3WT | 28-05-2037 | 57 | JH04Y9491 | 3WT | 28-05-2024 |
| 12 | JH04X2298 | 3WT | 03-05-2037 | 58 | JH04Y9621 | 3WT | 03-05-2024 |
| 13 | JH04X4089 | 3WT | 28-05-2037 | 59 | JH04Y9875 | 3WT | 28-05-2024 |
| 14 | JH04X4471 | 3WT | 19-05-2037 | 60 | JH04Z0443 | 3WT | 19-05-2024 |
| 15 | JH04X4507 | 3WT | 14-03-2037 | 61 | JH04Z1100 | 3WT | 14-03-2024 |
| 16 | JH04X6168 | 3WT | 28-05-2037 | 62 | JH04Z1565 | 3WT | 28-05-2024 |
| 17 | JH04X7853 | 3WT | 09-07-2037 | 63 | JH04Z1584 | 3WT | 09-07-2024 |
| 18 | JH04X9845 | 3WT | 15-05-2037 | 64 | JH04Z2202 | 3WT | 15-05-2024 |
| 19 | JH04Y0843 | 3WT | 21-11-2037 | 65 | JH04Z2957 | 3WT | 21-11-2024 |
| 20 | JH04Y1044 | 3WT | 14-09-2037 | 66 | JH04Z3346 | 3WT | 14-09-2024 |
| 21 | JH04Y1210 | 3WT | 28-07-2037 | 67 | JH04Z4479 | 3WT | 28-07-2024 |
| 22 | JH04Y1249 | 3WT | 16-11-2037 | 68 | JH04Z4489 | 3WT | 16-11-2024 |
| 23 | JH04Y2514 | 3WT | 17-11-2037 | 69 | JH04Z4496 | 3WT | 17-11-2024 |
| 24 | JH04Y2847 | 3WT | 31-07-2037 | 70 | JH04Z5039 | 3WT | 31-07-2024 |
| 25 | JH04Y3588 | 3WT | 21-11-2037 | 71 | JH04Z5518 | 3WT | 21-11-2024 |
| 26 | JH04Y3895 | 3WT | 26-07-2037 | 72 | JH04Z5526 | 3WT | 26-07-2024 |
| 27 | JH04Y4149 | 3WT | 22-10-2037 | 73 | JH04Z5532 | 3WT | 22-10-2024 |
| 28 | JH04Y4758 | 3WT | 11-12-2037 | 74 | JH04Z6139 | 3WT | 11-12-2024 |
| 29 | JH04Y4869 | 3WT | 20-09-2037 | 75 | JH04Z6595 | 3WT | 20-09-2024 |
| 30 | JH04Y4988 | LGV | 28-08-2037 | 76 | JH04Z8137 | 3WT | 28-08-2024 |
| 31 | JH04Y5156 | 3WT | 09-10-2037 | 77 | JH04Z8179 | LGV | 09-10-2024 |
| 32 | JH04Y5434 | 3WT | 07-10-2037 | 78 | JH04Z8857 | 3WT | 07-10-2024 |
| 33 | JH04Y5715 | 3WT | 10-10-2037 | 79 | JH04W0862 | 3WT | 10-10-2024 |
| 34 | JH04Y5736 | 3WT | 11-09-2037 | 80 | JH04W3703 | 3WT | 11-09-2024 |
| 35 | JH04Y5749 | 3WT | 31-08-2037 | 81 | JH04X0256 | 3WT | 31-08-2024 |
| 36 | JH04Y5845 | 3WT | 13-11-2037 | 82 | JH04X2948 | 3WT | 13-11-2024 |
| 37 | JH04Y5929 | LGV | 10-11-2037 | 83 | JH04X6419 | 3WT | 10-11-2024 |
| 38 | JH04Y6151 | 3WT | 20-12-2037 | 84 | JH04X8696 | 3WT | 20-12-2024 |
| 39 | JH04Y6224 | 3WT | 08-12-2037 | 85 | JH04X8786 | 3WT | 08-12-2024 |
| 40 | JH04Y6293 | 3WT | 09-10-2037 | 86 | JH04X9173 | 3WT | 09-10-2024 |
| 41 | JH04Y6854 | LGV | 18-11-2037 | 87 | JH04X9284 | 3WT | 18-11-2024 |
| 42 | JH04Y7038 | 3WT | 16-11-2037 | 88 | JH04Y1165 | 3WT | 16-11-2024 |
| 43 | JH04Y7199 | 3WT | 06-12-2037 | 89 | JH04Y1170 | 3WT | 06-12-2024 |
| 44 | JH04Y7710 | 3WT | 24-08-2037 | 90 | JH04Y1196 | 3WT | 24-08-2024 |
| 45 | JH04Y7753 | 3WT | 08-09-2037 | 91 | JH04Y2204 | 3WT | 08-09-2024 |
| 46 | JH04Y7818 | 3WT | 21-12-2037 | 92 | JH04Y2343 | 3WT | 21-12-2024 |
| 91 | JH04Y2846 | 3WT | 23-11-2037 | 138 | JH04Y2361 | 3WT | 09-10-2024 |
| 92 | JH04Y2997 | 3WT | 02-12-2037 | 139 | JH04Y1289 | 3WT | 20-10-2024 |
| 93 | JH04Y3868 | 3WT | 23-11-2037 | 140 | JH04Y1683 | 3WT | 06-12-2024 |
| 94 | JH04Y4214 | 3WT | 11-11-2037 | 141 | JH04Y1737 | 3WT | 24-08-2024 |
| 95 | JH04Y4245 | 3WT | 21-10-2037 | 142 | JH04Y2096 | 3WT | 04-01-2025 |
| 96 | JH04Y4929 | LGV | 10-11-2037 | 143 | JH04Y2821 | 3WT | 06-10-2024 |
| 97 | JH04Y5596 | 3WT | 13-10-2037 | 144 | JH04Y2973 | 3WT | 28-09-2024 |
| 98 | JH04Y5609 | 3WT | 16-11-2037 | 145 | JH04Y3282 | 3WT | 14-10-2024 |
| 99 | JH04Y6642 | 3WT | 29-08-2037 | 146 | JH04Y3362 | 3WT | 06-12-2024 |
| 100 | JH04Y6745 | 3WT | 05-09-2037 | 147 | JH04Y4159 | 3WT | 15-11-2024 |
| 101 | JH04Y7482 | 3WT | 28-11-2037 | 148 | JH04Y4458 | 3WT | 25-10-2024 |
| 102 | JH04Y8750 | 3WT | 18-12-2037 | 149 | JH04Y4815 | 3WT | 28-12-2024 |
| 103 | JH04Y8996 | 3WT | 10-10-2037 | 150 | JH04Y4955 | 3WT | 13-11-2024 |
| 104 | JH04Y9518 | 3WT | 14-10-2037 | 151 | JH04Y6301 | 3WT | 23-01-2025 |
| 105 | JH04Y9579 | 3WT | 20-12-2037 | 152 | JH04Y7598 | 3WT | 23-03-2025 |
| 106 | JH04Y9719 | 3WT | 31-08-2037 | 153 | JH04Y7652 | 3WT | 06-02-2025 |
| 107 | JH04Y9723 | 3WT | 28-10-2037 | 154 | JH04Y8262 | 3WT | 15-03-2025 |
| 108 | JH04Y9832 | 3WT | 07-12-2037 | 155 | JH04Y8933 | 3WT | 24-02-2025 |
| 109 | JH04Z1720 | 3WT | 13-02-2038 | 156 | JH04Y8998 | 3WT | 23-02-2025 |
| 110 | JH04Z2801 | 3WT | 22-03-2038 | 157 | JH04Y9311 | LGV | 08-02-2025 |
| 111 | JH04Z2854 | 3WT | 24-02-2038 | 158 | JH04Y9334 | 3WT | 03-03-2025 |
| 112 | JH04Z3361 | 3WT | 10-02-2038 | 159 | JH04Z3414 | 3WT | 27-02-2025 |
| 113 | JH04Z4030 | 3WT | 02-03-2038 | 160 | JH04Z4170 | 3WT | 16-03-2025 |
| 114 | JH04Z6203 | 3WT | 24-02-2038 | 161 | JH04Z4944 | 3WT | 22-01-2025 |
| 115 | JH04Z6272 | 3WT | 16-02-2038 | 162 | JH04Z5375 | 3WT | 20-03-2025 |
| 116 | JH04Z6310 | 3WT | 22-02-2038 | 163 | JH04Z8522 | 3WT | 03-03-2025 |
| 117 | JH04Z6918 | 3WT | 24-02-2038 | 164 | JH04Z9436 | 3WT | 26-01-2025 |
| 118 | JH04Z8156 | 3WT | 28-03-2038 | 165 | JH04Z9838 | 3WT | 03-02-2025 |
| 119 | JH04Z9213 | 3WT | 13-02-2038 | 166 | JH04W0988 | LGV | 25-02-2025 |
| 120 | JH04V5106 | 3WT | 09-04-2036 | 167 | JH04W2948 | 3WT | 06-02-2025 |
| 121 | JH04V7547 | 3WT | 09-04-2036 | 168 | JH04W3052 | 3WT | 30-03-2025 |
| 122 | JH04W1008 | 3WT | 28-10-2036 | 169 | JH04W3626 | 3WT | 06-02-2025 |
| 123 | JH04W6954 | 3WT | 09-07-2036 | 170 | JH04W4472 | LGV | 28-09-2023 |
| 124 | JH04W7877 | 3WT | 02-09-2036 | 171 | JH04W6078 | LGV | 28-09-2023 |
| 125 | JH04W8608 | 3WT | 24-10-2036 | 172 | JH04W6456 | 3WT | 27-06-2024 |
| 126 | JH04W8719 | 3WT | 17-09-2036 | 173 | JH04W7732 | LGV | 31-12-2023 |
| 127 | JH04W9079 | 3WT | 02-09-2036 | 174 | JH04W8034 | 3WT | 31-12-2023 |
| 128 | JH04W9418 | 3WT | 24-10-2036 | 175 | JH04W9154 | 3WT | 27-06-2024 |
| 129 | JH04W9615 | 3WT | 24-05-2036 | 176 | JH04W9451 | LGV | 27-06-2024 |
| 130 | JH04X2592 | 3WT | 27-05-2037 | 177 | JH04W9876 | 3WT | 10-06-2024 |
| 131 | JH04X4454 | 3WT | 08-07-2037 | 178 | JH04X1315 | 3WT | 10-07-2024 |
| 132 | JH04X5736 | 3WT | 24-02-2037 | 179 | JH04X2091 | 3WT | 28-07-2024 |
| 133 | JH04X6669 | 3WT | 08-07-2037 | 180 | JH04X2752 | LGV | 02-11-2024 |
| 134 | JH04Y0115 | 3WT | 21-07-2037 | 181 | JH04X4509 | 3WT | 27-07-2024 |
| 135 | JH04Y0138 | 3WT | 13-07-2037 | 182 | JH04X5200 | LGV | 03-11-2024 |
| 136 | JH04Y0457 | 3WT | 24-11-2037 | 183 | JH04X6814 | LGV | 29-08-2024 |
| 137 | JH04Y0822 | 3WT | 28-07-2037 | 184 | JH04X8188 | 3WT | 29-11-2024 |
| 185 | JH04X9881 | 3WT | 08-07-2037 | 232 | JH04X9774 | LGV | 23-11-2024 |
| 186 | JH04Y1493 | 3WT | 09-11-2037 | 233 | JH04X7342 | 3WT | 02-12-2024 |
| 187 | JH04Y1685 | 3WT | 21-07-2037 | 234 | JH04X7919 | 3WT | 23-11-2024 |
| 188 | JH04Y2383 | 3WT | 27-08-2037 | 235 | JH04X8036 | 3WT | 11-11-2024 |
| 189 | JH04Y3942 | 3WT | 11-11-2037 | 236 | JH04X8674 | 3WT | 21-10-2024 |
| 190 | JH04Y4118 | 3WT | 11-11-2037 | 237 | JH04Y1191 | 3WT | 10-11-2024 |
| 191 | JH04Y4867 | 3WT | 23-08-2037 | 238 | JH04Y2337 | 3WT | 13-10-2024 |
| 192 | JH04Y5145 | LGV | 11-11-2037 | 239 | JH04Y2347 | LGV | 16-11-2024 |
| 193 | JH04Y5282 | LGV | 11-11-2037 | 240 | JH04Y2611 | LGV | 29-08-2024 |
| 194 | JH04Y5870 | LGV | 29-12-2037 | 241 | JH04Y3529 | 3WT | 05-09-2024 |
| 195 | JH04Y5954 | 3WT | 19-12-2037 | 242 | JH04Y3753 | LGV | 28-11-2024 |
| 196 | JH04Y7875 | 3WT | 10-10-2037 | 243 | JH04Y4424 | 3WT | 18-12-2024 |
| 197 | JH04Y8178 | 3WT | 11-11-2037 | 244 | JH04Y4907 | LGV | 10-10-2024 |
| 198 | JH04Y8704 | 3WT | 11-11-2037 | 245 | JH04Y6307 | 3WT | 14-10-2024 |
| 199 | JH04Y9697 | 3WT | 14-10-2037 | 246 | JH04Y6601 | LGV | 20-12-2024 |
| 200 | JH04Z0104 | 3WT | 07-02-2038 | 247 | JH04Y6626 | LGV | 31-08-2024 |
| 201 | JH04Z1340 | 3WT | 22-02-2038 | 248 | JH04Y7173 | LGV | 28-10-2024 |
| 202 | JH04Z2733 | 3WT | 29-01-2038 | 249 | JH04Y7191 | 3WT | 07-12-2024 |
| 203 | JH04Z4625 | 3WT | 19-02-2038 | 250 | JH04Y9305 | 3WT | 13-02-2025 |
| 204 | JH04Z4833 | 3WT | 06-02-2038 | 251 | JH04Y9620 | 3WT | 22-03-2025 |
| 205 | JH04Z5645 | 3WT | 12-02-2038 | 252 | JH04Z0375 | 3WT | 24-02-2025 |
| 206 | JH04Z5661 | 3WT | 27-02-2038 | 253 | JH04Z2298 | 3WT | 10-02-2025 |
| 207 | JH04Z6488 | 3WT | 08-03-2038 | 254 | JH04Z7857 | 3WT | 02-03-2025 |
| 208 | JH04Z6897 | 3WT | 05-03-2038 | 255 | JH04W0285 | 3WT | 24-02-2025 |
| 209 | JH04Z8072 | 3WT | 23-02-2038 | 256 | JH04W6477 | 3WT | 16-02-2025 |
| 210 | JH04Z8309 | 3WT | 27-02-2038 | 257 | JH04W6850 | 3WT | 22-02-2025 |
| 211 | JH04Z8318 | 3WT | 20-02-2038 | 258 | JH04W9440 | 3WT | 24-02-2025 |
| 212 | JH04W0149 | LGV | 29-10-2036 | 259 | JH04X0706 | LGV | 28-03-2025 |
| 213 | JH04W1415 | 3WT | 15-12-2036 | 260 | JH04X6816 | 3WT | 13-02-2025 |
| 214 | JH04W3616 | 3WT | 28-09-2036 | 261 | JH04X8336 | LGV | 09-04-2023 |
| 215 | JH04W4180 | 3WT | 15-12-2036 | 262 | JH04X8953 | 3WT | 09-04-2023 |
| 216 | JH04W5461 | 3WT | 28-11-2036 | 263 | JH04X9306 | 3WT | 28-10-2023 |
| 217 | JH04W6027 | LGV | 29-10-2036 | 264 | JH04X9791 | 3WT | 09-07-2023 |
| 218 | JH04W6403 | 3WT | 15-12-2036 | 265 | JH04Y0375 | 3WT | 02-09-2023 |
| 219 | JH04W7518 | 3WT | 15-12-2036 | 266 | JH04Y2474 | 3WT | 24-10-2023 |
| 220 | JH04W7864 | 3WT | 13-09-2036 | 267 | JH04Y3102 | 3WT | 17-09-2023 |
| 221 | JH04W8204 | LGV | 29-11-2036 | 268 | JH04Y3111 | LGV | 02-09-2023 |
| 222 | JH04W8413 | 3WT | 28-11-2036 | 269 | JH04Y3758 | LGV | 24-10-2023 |
| 223 | JH04X1108 | 3WT | 31-12-2036 | 270 | JH04Y3902 | 3WT | 24-05-2023 |
| 224 | JH04X1843 | 3WT | 10-06-2037 | 271 | JH04Y3995 | 3WT | 27-05-2024 |
| 225 | JH04X1889 | 3WT | 08-07-2037 | 272 | JH04Y5604 | 3WT | 08-07-2024 |
| 226 | JH04X2360 | 3WT | 02-06-2037 | 273 | JH04Y5698 | 3WT | 24-02-2024 |
| 227 | JH04X3010 | 3WT | 31-03-2037 | 274 | JH04Y6994 | 3WT | 08-07-2024 |
| 228 | JH04X4132 | 3WT | 19-01-2037 | 275 | JH04Y7268 | 3WT | 21-07-2024 |
| 229 | JH04X4394 | 3WT | 25-04-2037 | 276 | JH04Y7759 | 3WT | 13-07-2024 |
| 230 | JH04X5786 | 3WT | 27-06-2037 | 277 | JH04Y7912 | 3WT | 24-11-2024 |
| 231 | JH04X5812 | 3WT | 03-03-2037 | 278 | JH04Y8109 | 3WT | 28-07-2024 |
| 279 | JH04Y8694 | 3WT | 11-01-2038 | 326 | JH04Y8332 | LGV | 06-12-2024 |
| 280 | JH04Y8961 | LGV | 31-07-2037 | 327 | JH04W7753 | 3WT | 28-07-2024 |
| 281 | JH04Y9083 | 3WT | 21-12-2037 | 328 | JH04W9561 | 3WT | 17-08-2024 |
| 282 | JH04Y9215 | LGV | 24-07-2037 | 329 | JH04X2474 | LGV | 25-12-2024 |
| 283 | JH04Y9346 | LGV | 16-11-2037 | 330 | JH04X3899 | 3WT | 24-07-2024 |
| 284 | JH04Y9432 | 3WT | 26-12-2037 | 331 | JH04X4823 | 3WT | 31-07-2024 |
| 285 | JH04Z0122 | 3WT | 22-03-2038 | 332 | JH04X5021 | LGV | 06-11-2024 |
| 286 | JH04Z0749 | 3WT | 22-03-2038 | 333 | JH04X5392 | 3WT | 07-12-2024 |
| 287 | JH04Z0941 | 3WT | 24-03-2038 | 334 | JH04X5692 | 3WT | 16-12-2024 |
| 288 | JH04Z3552 | 3WT | 27-03-2038 | 335 | JH04X7133 | 3WT | 31-08-2024 |
| 289 | JH04Z4121 | 3WT | 22-03-2038 | 336 | JH04X8326 | LGV | 23-11-2024 |
| 290 | JH04Z8288 | 3WT | 03-03-2038 | 337 | JH04X8642 | 3WT | 05-12-2024 |
| 291 | JH04V8752 | 3WT | 18-04-2036 | 338 | JH04Y0358 | 3WT | 22-09-2024 |
| 292 | JH04V9878 | 3WT | 18-04-2036 | 339 | JH04Y0465 | LGV | 06-11-2024 |
| 293 | JH04W0981 | 3WT | 02-09-2036 | 340 | JH04Y0707 | 3WT | 23-11-2024 |
| 294 | JH04W3930 | 3WT | 23-08-2036 | 341 | JH04Y2734 | LGV | 01-12-2024 |
